

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-303 सीहोर, रविवार 26 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# हमारे किसान भाई-बहनों ने देश को आत्मनिर्भर बनाया : राष्ट्रपति

## राष्ट्र के नाम संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



नई दिल्ली (आरएनएस)। 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने शनिवार (25 जनवरी 2025) को राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं. उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है. गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं, आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं. आज से 75 वर्ष पहले, 26 जनवरी के दिन ही, भारत गणराज्य का आधार ग्रंथ यानी भारत का संविधान, लागू हुआ था. राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने कहा, इस वर्ष, हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं. वे ऐसे अग्रणी स्वाधीनता सेनानियों में शामिल हैं जिनकी भूमिका को राष्ट्रीय इतिहास के संदर्भ में अब समुचित महत्व दिया जा रहा है. राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने कहा, न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ हो. ये जीवन-मूल्य तो सदा से हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग रहे हैं. भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में भी दिखाई देता है।

उस सभा में देश के सभी हिस्सों और सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व था. सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि संविधान सभा में सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी, हंसाबेन मेहता और मालती चौधरी जैसी 15 असाधारण महिलाएं भी शामिल थीं. राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के किसानों से कड़ी मेहनत की है और देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है. उन्होंने कहा, हमारे किसान भाई-बहनों ने कड़ी मेहनत की और हमारे देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया. हमारे मजदूर भाई-बहनों ने अथक परिश्रम करके हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनुफैक्चरिंग सेक्टर का कायाकल्प कर दिया. उनके शानदार प्रदर्शन के बल पर आज भारतीय अर्थ-व्यवस्था विश्व के आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित कर रही है. राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास दर आसमान छू रहा है. उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में, आर्थिक विकास की दर लगातार ऊंची रही है, जिससे हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, किसानों और मजदूरों के हाथों में अधिक पैसा आया है तथा बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है. साहसिक और दूरदर्शी आर्थिक सुधारों के बल पर, आने वाले वर्षों में प्रगति की यह रफ्तार बनी रहेगी. राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम संबोधन में डिजिटल पेमेंट का जिक्र किया। उन्होंने कहा, डिजिटल भुगतान के कई विकल्पों के साथ-साथ प्रत्यक्ष बेनिफिट ट्रांसफर की प्रणाली ने समावेशन को बढ़ावा दिया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को फॉर्मल सिस्टम में शामिल किया जा सका है. इसके कारण सिस्टम में अभूतपूर्व पारदर्शिता भी आई है.इसरो की हालिया सफलता को लेकर राष्ट्रपति ने कहा, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं. इस महीने, इसरो ने अपने सफल स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट से देश को एक बार फिर गौरवान्वित किया है. भारत अब विश्व का चौथा देश बन गया है जिसके पास यह क्षमता उपलब्ध है.राष्ट्रपति ने कहा, मैं, एक बार फिर, आप सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देती हूं. देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले हमारे सैनिकों के साथ-साथ सीमाओं के भीतर देश को सुरक्षित रखने वाले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी में बधाई देती हूं।

### महाकुंभ की जिक्र कर क्या बोलीं राष्ट्रपति ?

राष्ट्रपति मूर्मू ने कहा, हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ हमारा जुड़ाव और अधिक गहरा हुआ है. इस समय आयोजित हो रहे प्रयागराज महाकुंभ को उस समृद्ध विरासत की प्रभावी अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा सकता है. हमारी परंपराओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने और उनमें नई ऊर्जा का संचार करने के लिए संस्कृति के क्षेत्र में अनेक उत्साह-जनक प्रयास किए जा रहे हैं।



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड-2025 में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित हो रही है "मध्यप्रदेश में चीतों की पुनर्स्थापना" की झांकी।

# दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर दौड़ी वंदे भारत

श्रीनगर(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के लोगों का बरसों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच बहुप्रतीक्षित वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस ट्रायल रन का सबसे खास आकर्षण रहा ट्रेन का दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चेनाब ब्रिज, से गुजरना। इसके अलावा, ट्रेन भारत के पहले केबल-आधारित रेलवे पुल, अंजी खाद ब्रिज, से भी गुजरी। यह वंदे भारत ट्रेन विशेष रूप से कश्मीर घाटी की ठंडी जलवायु को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है।ट्रायल रन का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रेन को चेनाब ब्रिज से गुजरते हुए देखा जा सकता है। यह नजारा बेहद ही मनमोहक है। इस ट्रेन में कई ऐसी विशेषताएं हैं जो इसे देश में चल रही अन्य वंदे भारत ट्रेनों से अलग बनाती हैं।इस वंदे भारत ट्रेन को खास तौर पर ठंडे मौसम को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें कई आधुनिक सुविधाएं हैं जो इसे अन्य ट्रेनों से अलग बनाती हैं।



# पद्म पुरस्कारों की घोषणाः 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री से सम्मानित

नई दिल्ली (ए)। पद्म पुरस्कारों का ऐलान कर दिया गया है। 7 हस्तियो को पद्म विभूषण, 19 को पद्म भूषण और 113 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्यों के लिए पद्म भूषण पुरस्कार की घोषणा की गई है। शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 7 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है। वहीं पंकज उधास और सुशील मोदी समेत 19 हस्तियों को पद्म भूषण दिया जाएगा। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं। इस सूची में 10 विदेशी और 13 मरणोपरांत पुरस्कार पाने वाले भी शामिल हैं। कुवैत की योग साधिका शेखा ए जे अल सबा और उत्तराखंड के ट्रैवल ब्लॉगर दंपति ह्यूग और कोलीन गैंटजर को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। नगालैंड के फल किसान एल हैंगथिंग, पुडुचेरी के वादक पी दत्चनमूर्ति को भी पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। मध्यप्रदेश की सामाजिक उद्यमी सैली होलकर, मराठी लेखक मारुति भुजंगराव चितमपल्ली को पद्मश्री देने की घोषणा की गई है। पद्मश्री सम्मान की सूची में शामिल महिला सशक्तीकरण की मुखर समर्थक 82 वर्षीय सैली होलकर ने लुप्त हो रही माहेश्वरी शिल्प कला को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पारंपरिक बुनाई तकनीकों में प्रशिक्षण देने के लिए मध्य प्रदेश के महेश्वर में हथकरघा स्कूल की स्थापना की। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरविंदर सिंह को भी पद्मश्री पुरस्कार मिला है। पद्म श्री पुरस्कार विजेताओं की सूची में दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ। नीरजा भटला भी शामिल हैं, जो सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने, रोकथाम और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देती हैं।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश में निवेश के लिए यूके और जर्मनी के बाद जापान दौरा

## जापान के उद्योगपतियों को देंगे भोपाल जीआईएस का आमंत्रण



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने का संकल्प आकार लेने लगा है। देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद अब मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कारवां जापान की 4 दिवसीय यात्रा के लिये 27 जनवरी को रवाना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश के संबंध में संवाद करेंगे। साथ ही 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जापान दौरा मध्यप्रदेश से जापान के उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों को निवेश अवसरों से अवगत कराएगा। भारत-जापान संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### निवेश के साथ साझेदारी को मिलेगी नई उड़ान

**28 जनवरी: टोक्यो से शुरूआत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 27 जनवरी की शाम इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नई दिल्ली से टोक्यो समयानुसार के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 जनवरी की दरम्यानी रात भारतीय समयानुसार 2:25 बजे टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। जहाँ से सुबह 3:45 बजे इम्पीरियल होटल पहुंचेंगे। यहां फ्रेंडस ऑफ एमपी की जापान टीम से मुलाकात करेंगे। सुबह 9:15 बजे भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज से उनके निवास पर औपचारिक मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10:15 बजे एडो गावा सिटी स्थित महात्मा गांधी पार्क पहुँचकर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रात: 11:30 बजे भारतीय दूतावास में आयोजित रोड-शो "सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप: मध्यप्रदेश" में भाग लेंगे। यहां निवेश और साझेदारी की संभावनाओं पर उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 से 3:00 बजे तक उद्योगपतियों से वन-टू-वन मीटिंग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 3:30 बजे भारतीय राजदूत के निवास पर आयोजित भोज में शामिल होंगे।

**29 जनवरी: निवेशकों के साथ संवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 29 जनवरी को भारतीय समयानुसार सुबह 7:00 से 8:30 बजे इम्पीरियल होटल में उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग में शामिल होंगे। इसके बाद जापान के प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों से मुलाकात करेंगे, जिनमें "केदानरेन" (जापान बिजनेस फेडरेशन), "जेट्रो एचक्यू" जैसे बड़े नाम शामिल हैं, मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10:15 बजे टोक्यो स्थित ब्रिजस्टोन हेडक्वार्टर्स पहुँचकर उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव टोक्यो के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। दोपहर 2 बजे फ्रेंडस ऑफ एमपी के साथ संवाद एवं भोज करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टोक्यो से भारतीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे शिंकानसेन बुलेट ट्रेन से निकलकर सुबह 8:30 बजे कोबे पहुंचेंगे।

# गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, भारतीय सेना ने भी दिया जवाब



श्रीनगर (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले जम्मू-कश्मीर के कठुआ में संदिग्ध हलचल के बाद फायरिंग की खबर सामने आ रही है। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। वहीं, सुरक्षाबलों ने धनु परोल व सच्चैर के जंगलों में संदिग्ध देखे जाने के बाद भी तलाशी अभियान चलाया। क्षेत्र में अलर्ट जारी है। अभियान में सीआरपीएफ, पुलिस, एसओजी और सेना के जवान भी शामिल रहे। जंगल में धुंध के कारण तलाशी अभियान में बाधा आ रही है। इसी सप्ताह एडीजीपी आनंद जैन ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ जिले के नाकों के अलावा सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश दिए थे। उस समय बताया गया कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर वीरता पुरस्कारों का एलान, पंजाब के 17 अफसरों को मिलेगा राष्ट्रपति मेडल

नई दिल्ली (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कुल 942 कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों के वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पुरस्कार पाने वालों में पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के कर्मी और सुधारात्मक सेवाओं में काम करने वाले कर्मी शामिल हैं। इसमें पंजाब के कुल 17 अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जा रहा है। इनमें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) और उत्कृष्ट सेवा पदक (एमएसएम) शामिल हैं। पंजाब के दो एडीजी रैंक के अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जा रहा है। राजेश कुमार जायसवाल अतिरिक्त महानिदेशक और नीलाभ किशोर अतिरिक्त महानिदेशक को पीएसएम से सम्मानित किया जाएगा।

# देश का मशहूर कोचिंग सेंटर हुआ बंद, छात्रों की करोड़ों की फीस डूबी

नई दिल्ली (आरएनएस)। शिक्षा जगत से बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 5 राज्यों में कोचिंग इंस्टीट्यूट फिटजी ने अपने एग्जाम सेंटर अचानक बंद कर दिए हैं। इस कारण कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले सैकड़ों स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मेरठ, नोएडा, भोपाल, पटना और पुणे जैसे शहरों में फिटजी के सेंटर बंद हो गए हैं। इन सेंटरों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने एडवांस फीस के तौर पर लाखों रुपए जमा किए थे, लेकिन अब बिना किसी पूर्व सूचना के संस्थान ने ताला लगाकर भागने का कदम उठाया है। मेरठ के मंगलपाण्डेय नगर में फिटजी सेंटर में लगभग 750 स्टूडेंट पंजीकृत थे, जिनमें से दो सौ से ढाई सौ बच्चों की फीस 2025-2026 तक के लिए एडवांस में ही जमा हैं। अभिभवाकों के अनुसार मेरठ में छात्रों से करीब 10 करोड़ रुपये फीस जमा कराई गई है, लेकिन बीच में सेंटर पर ताला लग गया है।

### गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से हमारे सभी पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**संपादक**

### अवकाश की सूचना

दैनिक क्षितिज किरण कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिनांक 26/01/2025 को अवकाश रहेगा।

अत:अगला अंक दिनांक-28/01/ 2025 को प्रकाशित होगा।

**व्यवस्थापक**

# मुंबई आतंकी हमले का दोषी तहव्वुर राणा लाया जाएगा भारत, अमेरिका से प्रत्यर्पण की मंजूरी



नई दिल्ली,(आरएनएस)। मुंबई में हुए 9/11 आतंकी हमले के दोषी तहव्वुर राणा को भारत लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी है। तहव्वुर राणा के वकील ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से उसे भारत प्रत्यर्पित करने के निचली अदालत के फैसले की समीक्षा करने की अपील की थी। उन्होंने दोहरे खतरे के सिद्धांत का हवाला दिया, जो किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए 2 बार मुकदमा चलाने या दंडित करने से रोकता है। मगर, एससी ने अपने फैसले में उसके तर्क को ठुकरा दिया।बता दें कि तहव्वुर राणा इस समय लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। उस पर मुंबई हमलों की साजिश से जुड़े होने के आरोप हैं। उसे पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा माना जाता है जो 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है।

# दिल्ली में पांच लाख तक का इलाज फ्री, अमित शाह ने बीजेपी का संकल्प पत्र किया जारी, किए ये बड़े वादें

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र 3.0 का विमोचन कर दिया है। इस मौके उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए संकल्प पत्र विश्वास का सवाल होता है। यह कोरे वायदे नही होते हैं। 1 लाख 8 हजार लोगों के सुझाव और 62 हजार समूह के सुझाव पर संकल्प पत्र बनाया गया है। वहीं, शाह ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि यहां एक ऐसी सरकार केजरीवाल चला रहे हैं, जो झूठे वादे करते है और फिर मासूम सा चेहरा लेकर चुनाव के लिए जनता के बीच आ जाते हैं।

**भाजपा का दिल्ली वालों से वादा**

मजदूरों को पांच लाख का दुर्घटना बीमा देंगे।

दिल्ली में 13 हजार नई इलेक्ट्रिक बस लाएंगे।

दिल्ली के 50 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। साबरमती रिवर फ्रंट की यमुना का विकास करेंगे। पांच साल में दिल्ली की समस्या को खत्म करेंगे। 20 लाख युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेंगे। 1700 अनधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक देंगे। दिल्ली में पांच लाख का इलाज फ्री देंगे। 13 हजार सील की गई दुकानों को दोबारा खोला जाएगा।अमित शाह ने कहा, केजरीवाल ने कहा था कि कोई मंत्री सरकारी बंगला नही लेंगे लेकिन बंगला लिए और शीश महल भी बनवाया। करोड़ों के घर मे रह रहे हैं, जिसका दिल्ली की जनता जवाब मांग रही है। शराब का घोटाला किया और शराब का घोटाला शिक्षा मंत्री ने किया है। केजरीवाल ने कहा कि था कि सात साल में यमुना को शुद्ध करने को कहा था और दिल्ली वालों के सामने डुबकी लगाने को कहा था। दिल्ली की जनता इंतजार कर रही है अगर यमुना में डुबकी नहीं लगा सकते तो कुम्भ में जाकर डुबकी लगा लें। इन्होंने विज्ञापन इतने दिए कि दिल्ली का कूड़ा उठाने का भी पैसा नहीं रहा। गंभीर झूठ चुनाव को प्रभावित करने के लिए फैलाया जा रहा है, भाजपा आएगी तो सभी योजनाएं बंद कर दी जाएगी ।इतना बड़ा झूठ कभी सोच सकते हैं। झूठ की राजनीति बंद करना चाहिए। वायदा हर कोई करेगा लेकिन उसे पूरा करने का काम सिर्फ़ मोदी सरकार ही कर पायेगी। प्रदूषण , भ्रष्टाचार मुक्त करने को कहा और इनके नेता भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए। कूड़ा खत्म नही किया, आज पूरी दिल्ली कूड़े से परेशान है।







# इंदौर देश का वेटलैण्ड शहर बनना हमारे लिये गौरव का क्षण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## रामसर द्वारा जारी वेटलैण्ड शहर की सूची में इंदौर और उदयपुर शामिल

भोपाल (निप्र)। प्रदेश के नाम एक ओर उपलब्धि तब जुड़ गई जब रामसर कन्वेंशन द्वारा इंदौर शहर को प्रतिष्ठित वेटलैण्ड सिटी घोषित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर की इस उपलब्धि को देश और प्रदेश की उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश केलिए गौरव का क्षण है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था रामसर द्वारा शनिवार को 31 वेटलैण्ड शहरों की सूची जारी की गई है। इसमें उन शहरों को सम्मानित किया गया है जो अपने वेटलैंडस का संरक्षण करने के साथ-साथ शहरी विकास में भी उत्कृष्ट योगदान देते हैं। इसमें पहली बार देश के 2 शहरों इंदौर और उदयपुर को भी शामिल किया गया है।

**देश की पहली वेटलैण्ड सिटी इंदौर**

रामसर कन्वेंशन द्वारा शनिवार को दुनिया के 31 शहरों को वेटलैण्ड सिटी के रूप में मान्यता देते हुए घोषणा की है। देश में रामसर द्वारा पहली बार दो शहरों को एक साथ वेटलैण्ड शहर के रूप में मान्यता दी है। इनमें इंदौर और उदयपुर को देश के पहले दो शहरों के रूप में शामिल किया गया है। जारी सूची में शामिल विश्व के अन्य शहर इस प्रकार हैं = अर्जेंटीना के ट्रेलेव, बेल्जियम के मेचेलेन, बोत्सवाना के कसाने-कजुंगुला, शाकावे, चिली के वाल्डिविया, चीन के चोंगमिंग, डाली, फ़ूज़ौ, हांग्जो, जिउजियांग, ल्हासा, सूज़ौ, वेनझोउ, यूयांग, फ़्रांस के एब्बेविल, आर्ल्स, हैम्पिग्नी, ईरान (इस्लामिक गणराज्य) के बाबोल, बंदर किआशर, गैंडोमन, जापान के




नागोया शहर, मोरक्को के मेहद्या, फिलीपींस के बलांगा शहर, पोलैंड के पॉज़्नान, कोरिया गणराज्य के गिम्हे, मुंगयोंग, सर्बिया के नोवी साद, स्विटजरलैंड के जिनेवा और जिम्बाब्वे के विक्टोरिया फॉल्स को भी शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों केन्द्र सरकार द्वारा इंदौर का नाम रामसर कन्वेंशन को प्रतिष्ठित वेटलैंड सिटी के रूप में मान्यता प्रदान करने के लिए नामांकित किया गया था। केन्द्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बताया कि इससे इंदौर और उदयपुर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक ब्रांडिंग के रूप में पहचान मिलेगी।

**पर्यावरण का सिरमौर बना इंदौर**

पर्यावरण की दृष्टि से इंदौर शहर देश और प्रदेश की स्वच्छतम शहरों में से एक तो था ही, साथ में देश का पहला वेटलैण्ड शहर होने का गौरव इंदौर को मिला। औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित इंदौर पर्यावरण के क्षेत्र में भी संतुलन बनाए हुए है। इंदौर में सिरपुर और यशवंत सागर को रामसर साइट को पूर्व में ही घोषित किया जा चुका है। यहां झीलों के संरक्षण, पर्यावरण सुधार और पक्षियों के लिए आदर्श आवास की स्थिति विकसित करने के साथ ही सिरपुर को बर्ड सैंक्च्युअरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**रामसर साइट्स**

रामसर संधि, जिसे वेटलैंड्स पर हुई संधि भी कहा जाता है। यह संधि वर्ष 1971 में ईरान के रामसर नामक स्थल पर विश्व के विभिन्न देशों ने हस्ताक्षरित की थी। इस प्रकार यह एक अंतर-सरकारी संधि है, जो आर्द्र भूमियों और उनके संसाधनों के संरक्षण के फ्रेमवर्क उपलब्ध करवाती। इन उपलब्ध मापदंड के अनुसार आर्द्र भूमि को संरक्षित करने सहायता प्राप्त होती है। इसी प्रकार वर्ष 2015 में रामसर कन्वेंशन के 12वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज में वेटलैण्ड सिटी को मान्यता देने के लिए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। वेटलैंड्स का संरक्षण करने के साथ शहरी विकास में भी उत्कृष्ट योगदान देने वाले शहरों को वेटलैण्ड शहर की मान्यता दी जाती है।

## भारतीय रेल के कर्मचारी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्टता का सम्मान




भोपाल (निप्र)। 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमिय नंदन सिन्हा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर मध्य रेलवे को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पदक से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और यात्रियों व रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा में निरंतर प्रतिबद्धता के समर्पण को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, 15 रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा विशेष बल के कर्मचारियों को मेरिटोरियस सर्विस मेडल से अलंकृत किया जाएगा, जो उनकी समर्पण, असाधारण बहादुरी और उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान है।

विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक मिलने वाले अधिकारियों में सचिन अशोक भालोदे, उप महानिरीक्षक, उत्तर रेलवे, पी.वी. शान्ता राम, उप महानिरीक्षक, दक्षिण पूर्व रेलवे, ए. इब्राहिम शेरिफ, उप महानिरीक्षक, दक्षिण रेलवे, सुनील चंद, निरीक्षक, नौवी वाहिनी, रेलवे सुरक्षा विशेष बल, डि. श्रीनिवासराव, निरीक्षक, दक्षिण मध्य रेलवे, चंदर कान्त तिवाडी, निरीक्षक, छठवीं वाहिनी, रेलवे सुरक्षा विशेष बल, कालू सेठी, निरीक्षक, पूर्व तटीय रेलवे, दिनेश चौधरी, उप निरीक्षक, पूर्व मध्य रेलवे, गुरबिन्दर सिंह, उप निरीक्षक, सातवी वाहिनी, रेलवे सुरक्षा विशेष बल, रोहिताश आर्या, उप निरीक्षक, छठवीं वाहिनी, रेलवे सुरक्षा विशेष बल, महमूद हसन, सहायक उप निरीक्षक, उत्तर रेलवे, आलोक रंजन मित्रा, सहायक उप निरीक्षक, पूर्व रेलवे, रविचंद्रन पुत्तूर, सहायक उप निरीक्षक/चालक, दक्षिण मध्य रेलवे, उत्तम कुमार ब्रह्मा, प्रधान आरक्षक, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे और श्रीमती आशा, महिला प्रधान आरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे शामिल हैं, जिन्होंने रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कर्तव्यों के प्रति असाधारण समर्पण का प्रदर्शन किया है।

**रेलवे में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस**

## हबीबगंज रेलवे कॉलोनी स्थित खेल मैदान में डीआरएम करेंगे ध्वजारोहण

भोपाल (निप्र)। 76वाँ गणतंत्र दिवस पूरे भोपाल मण्डल में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम दिनांक 26 जनवरी 2025 (रविवार) को हबीबगंज रेलवे कालोनी स्थित खेल मैदान में आयोजित किया गया है, जहाँ मण्डल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी प्रातः 09.15 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर ध्वज की सलामी लेने के उपरांत परेड का निरीक्षण एवं महाप्रबन्धक पश्चिम मध्य रेल के संदेश का वाचन करेंगे। तत्पश्चात रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मण्डल रेल प्रबंधक रेल संस्थान भोपाल में 10.45 बजे, समाज कल्याण केंद्र भोपाल में 11.55 बजे एवं बोट क्लब भोपाल में (हिल स्टेलियान पर) 13.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



भोपाल (निप्र)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सपत्नीक प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की। पतित पावनी मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के इस दिव्य संगम में उन्होंने स्नान कर समस्त जनकल्याण एवं प्रदेश की समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं कीं।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि महाकुंभ के इस पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्नान कर अनुगृहीत हूं। यह स्थान केवल तीर्थ नहीं, बल्कि अध्यात्म, श्रद्धा और संस्कार का प्रतीक है। यहां का पवित्र जल मानव जीवन को शुद्ध और समृद्ध बनाता है। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की सराहना की। लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मां गंगा से प्रदेश की सुख-समृद्धि और नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कुंभ के इस अवसर पर मां गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कुंभ भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं की महिमा का वाहक है, जो पूरे विश्व के नागरिकों को भारतीय आध्यात्म की शक्ति का, शांति का परिचय प्रदान करता है।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, आरपीएफ सतर्क

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस और दिल्ली विधान सभा चुनाव के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। भोपाल सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेल पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम चौबीसों घंटे ट्रेनों और स्टेशनों पर सतर्क निगरानी कर रही है। आरपीएफ भोपाल के प्रभारी निरीक्षक, अधिकारियों और स्टाफ ने सुरक्षा उपकरणों के साथ प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, एफओबी (फुट ओवर ब्रिज), पार्किंग क्षेत्र, स्टेशन आउटर एरिया, और ट्रेनों में गश्त और



**ट्रेनों में एवं स्टेशनों पर आरपीएफ जवान मुस्तैदी से कर रहे गस्त**

जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

**विशेष सुरक्षा प्रयास**

-**संदिग्ध गतिविधियों पर नजर:** अनियमित और संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए सघन निगरानी की जा रही है।

-**सुरक्षा उपकरणों का उपयोग:** एचएचएमडी, स्वान दस्ते, बैग चेकिंग, और विस्फोटक व ज्वलनशील पदार्थों की जांच की जा रही है।

-**सीसीटीवी निगरानी:** मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों और भीड़ पर नजर रखी जा रही है।

-**संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त:** प्लेटफॉर्म, आउटर एरिया और ट्रेनों में सुरक्षा मार्च पास्ट के साथ गश्त तेज कर दी गई है।

इस सतर्कता और सुरक्षा उपायों का उद्देश्य यात्रियों को निर्भय और सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

## मध्यप्रदेश में एक साल में हार्ट सिडीज के 52 हजार मामले आए, इनमें से 21 हजार युवा

भोपाल (आरएनएस)। दो दिन पहले अवधपुरी में 20 साल के चंद्रशेखर को खाना खाने के दौरान बेचैनी महसूस हुई और वह बहोश हो गया। परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बतायाा कि उसे साइलेंट अटैक आया था। इसके 24 घंटे बाद ही होशंगाबाद रोड पर रहने वाले 36 साल के यूसुफअली को सीने में दर्द हुआ। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दोरान उसकी मौत हो गई। यह दो घटनाएं बताती हैं कि खासकर युवाओं में साइलेंट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। बीते बुधवार को 108 एंबुलेंस द्वारा जारी रिपोर्ट कार्डियक केस : 2024 भी इसकी तस्दीक करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में प्रदेशभर में 52594 लोगों को दिल में दर्द के बाद एंबुलेंस से अस्ताल ले जाना पड़ा। इसमें से 40 फीसदी यानी करीब 20 हजार युवा थे, जिनकी उम्र 20 से 40 साल के बीच थी। इसी अवधि में भोपाल में 1600 मामले आए। यह आंकड़े 2023 के मुकाबले 23 फीसदी ज्यादा थे। गांधी मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आरएस मीणा बताते हैं कि हार्ट की समस्या बढने् का बड़ा कारण खराब जीवनशैली है। धुम्रपान और शराब की लत युवाओं में कार्डियावैस्कुलर डिसीज के लक्षण पैदा करती है। शराब के अधिक सेवन से रक्तचाप बढ़ता है, जिसका सीधा असर रक्त वाहिकाओं पर पडने् से हार्ट पंपिंग शुरु हो जाती है। इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

## कम रूटों में बसों के संचालन से एक लाख यात्री रोजाना हो रहे परेशान




भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था लंबे समय से बदहाल है। वर्तमान में केवल सिर्पु सवा सौ बसें चल रही हैं। जबकि पूर्व में 250 से अधिक बसें चला करती थीं, लेकिन पिछले साल मार्च में जब से चलो एप एजेंसी ने बीच में काम छोड़ा, जबसे 149 बसों के पहिए थमे हुए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) बंद बसों को चलाने के लिए चार बार टेंडर निकाल चुका है, लेकिन किसी भी एजेंसी ने टेंडर में भाग नहीं लिया। वहीं दूसरी ओर बसों के रूट कम होन से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। जो बसें चल रही हैं वह बस आपरेटरों ने घाटे के चक्कर में मंथली पास की सुविधा को बंद कर रखा है। इसके चलते रोजाना बसों में सफर करने वाले यात्रियों को पूरा किराया देना पड़ रहा है। वहीं जिन दस रूट के बसों के पहिए थमे हुए हैं। उन रूट से करीब 50 हजार से अधिक यात्री पिछले साल मार्च से परेशानी का सामना कर रहे हैं। अहम बात यह है कि इतने लंबे समय से लोग परेशान हो रहे हैं, लेकिन बीसीएलएल बोर्ड के सदस्य हाथ पर हाथ धरे बैठै हैं। इनकी निष्क्रियता देखकर लगता है कि यह भी आपरेटरों के सामने नतमस्तक हो चुके हैं, क्योंकि बोर्ड बैठक भी नियमित नहीं हो रही है। इस बात का फायदा बस आरपेटर उठा रहे हैं7 बीसीएलएल द्वारा शहर में सिर्फ नौ रूट पर 120 बसों का संचालन किया जा रहा है। जबकि सूत्र बताते हैं कि बीसीएलएल के अधिकारियों के दावे झूठे हैं, शहर में मात्र 86 बसों का संचालन हो रहा है। ज्ञात हो कि पूर्व में जब 250 से अधिक बसें चलती थीं, तब 15 से अधिक रूट पर बसों का संचालन किया जा रहा था, लेकिन वर्तमान में रूट की संख्या कम हो गई है। पहले ढाई सौ बसें चलती थीं, तब इन बसों में से डेढ़ लाख यात्री सफर करते थे, लेकिन वर्तमान में 43 हजार बस यात्री इन बसों में सफर कर रहे हैं। शहर मे चार बस आरपेटरों की मनमानी चल रही है। एजेंसी चलो एप के बीच में काम छोडने् की वजह से मां एसोसिएट्स की 149 बसों के पहिए पिछे साल मार्च से थमे हुए हैं। वहीं एपी मोटर्स, मेसर्स इन्यूबेट साफ्टटेक व श्री दुर्गम्बा ने अचानक मंथली पास ओर स्टूडेंट्स पास की सुविधाएं बंद कर दीं। जिससे रोजाना बसों में सफर करने वाले यात्रियों को पूरा किराया देना पड़ रहा है।

## गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली में राकेश कुमार योगी अतिथि के रूप में होंगे शामिल

भोपाल,(आरएनएस)। कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर के राकेश कुमार योगी ई-कर्मी 76वें गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को नई दिल्ली में अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री योगी को गणतंत्र दिवस समारोह में केन्द्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अतिथि के तौर पर कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर से आमंत्रित किया गया है। श्री योगी को मध्यप्रदेश टाइगर फाउण्डेशन सोसायटी द्वारा वर्ष 2019 में सम्मानित किया गया है। श्री योगी ने वर्ष 1997 से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में वायरलेस फिक्स्ड स्टेशन पालपुर में महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन कर अप्रत्यक्ष रूप से अपराध नियंत्रण एवं शासकीय कार्यों में सहयोग किया है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में श्री योगी की भौतिक ज्ञान क्षमता को देखते हुए उन्हें वर्ष 2021-22 में बीट सहायक के रूप में पदस्थ किया गया था। श्री योगी ने इस अवधि में मैदानी वन अमले के साथ रहकर वन्य एवं वन्य-प्राणी अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री योगी चीता पुनर्स्थापना परियोजना में वर्ष 2022 में चीता आगमन से चीता मॉनीटरिंग केन्द्र पर अनवरत कार्य कर रहे हैं। श्री योगी चीतों की गतिविधियों एवं अनुश्रवण के अभिलेख संधारित कर निर्धारित समय अनुसार जानकारी साझा कर चीता पुनर्स्थापना परियोजना में अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं।



राजभवन में लगी प्रदर्शनी के विशिष्ट आकर्षण संविधान में आर्ट एन्ड कैलीग्राफी को देखने आमजन में दिखा विशेष उत्साह।

## रानी कमलापति-आधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस में स्थायी कोच बढ़ाया

भोपाल, (आरएनएस)। पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल मंडल से चलने वलाी गाड़ी संख्या 22187-22188 रानी कमलापति-आधारताला-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस में 29 जनवरी से स्थायी रूप से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन में एक एसी थ्री टियर और एक स्लीपर कोच स्थाीय रूप से जोड़े जाएंगे। इसके बाद ट्रेन में आठ जनरल कोच, सात स्लपीर कोच, एक एसी थ्री टियर कोच, दो एसी चेयरकार सहित कुल 20 कोच होंगे।

## रंगपंचमी के कारण 10-12वीं के 19 मार्च के पेपर अब 21 को होंगे

भोपाल (आरएनएस)। एमपी बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा के पूर्व में जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। 19 मार्च को रंगपंचमी का पर्व होने के कारण इस दिन होने वाले 10-12वीं कक्षाओं के प्रश्न-पत्र अब मार्च में आयोजित किए जाएंगे। एमपी बोर्ड ने परीक्षाओं की संशोधित कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। एमपी बोर्ड की 10-12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरु हो रही हैं। बोर्ड ने अगस्त में गाइडलाइन के साथ दोनों कक्षाओं की परीक्षा के टाइम टेबल जारी कर दिए थे। इसके अनुसार, 19 मार्च को दसवीं कक्षा के विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित होना थी। यह परीक्षा होने के कारण 1 मार्च को आयोजित की जाएगी। इसी तरह 12वीं की 19 मार्च को आयोजित एनएसक्यूएफ (नेशनल स्किल्स क्वालितफिक्रेशंस फ्रेमवर्क) के समस्त विषय एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा अब 21 मार्च को आयोजित की जाएगी। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

## भोपाल सहित 16 जिलों में अब तक 94 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगे

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तहत भोपाल सहित कंपनी कार्य क्षेत्र के सभी 16 जिलां में अब तक 94 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। कंपनी क दावा है कि जहां-जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर समय पर बिलिंग और रीडिंग हो रही है। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं। उसका कहना है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डाटा प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा स्वीकृति प्रक्रिया को सरल तथा तेज बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

## हमीदिया की कैथलैब फिर से शुरु चूहों ने काट दिए थे मशीनों के तार

भोपाल(आरएनएस)। हमीदिया अस्पताल की कैथलैब आठ जनवरी को तकनीकी कारणों से बंद हो गई थी, आखिरकार 15 दिन बाद शुक्रवार को फिर से शुरु हो गई। कैथलैब बंद होने से मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि कैथलैब की मशीनों के तार चूहों द्वारा काट दिए गए थे, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। इसके बाद रिपयेर कार्य में देरी का कारण एजेंसी की ओर से बकाया भुगतान का मुद्दा था। कई बैठकों के बाद बीते सप्ताह रिपेयर कार्य शुरु हुआ और एजेंसी के इंजीनियरों ने मशीन के तारों को ठीक करने में पांच दिन का समय लिया। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने बताया कि कैथलैब में प्रोसीजर फिर से शुरु हो गए हैं। साथ ही कैथलैब को जल्द ही नए भवन में शिफ्ट करने की प्रक्रिया भी शुरु होने जा रही है। कैथलैब शुरु होने से हृदय रोगियों को एक बार फिर राहत मिली है। पिछले 15 दिनां में कैथलैब बंद होने से गंभीर मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ा था। अब हमीदिया अस्पताल में सेवाएं बहाल होने से मरीजों को कम लागत पर उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

## 26 व 27 जनवरी को शहर में होंगे कई विवाह

भोपाल (आरएनएस)। नए वर्ष के पहले यानि जनवरी में इन दिनों विवाहों का दौर चल रहा है। 26 और 27 जनवरी को शहर में कई विवाह होंगे। वहीं फरवरी में बड़ी संख्या में विवाह होंगे। शुभ मुहूर्त होने से शहर के मैरिज गार्डन, शादी हाल, होटल फुल हो चुके हैं। वहीं विवाहों के मुहूर्त होने से शहर के चौक, न्यू मार्केट सहित सभी छोटे-बड़े बाजारों में रौनक बनी हुई है। मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से शुरु हुए विवाद सहित शुभ कार्य निरंतर हो रहे हैं। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामसजीवन दुबे ने बताया कि शुक्र ग्रह 19 मार्च से 23 मार्च तक अस्त, गुरु ग्रह 12 जून से नौ जुलाई तक अस्त रहेंगे। इसके अलावा भी शुक्र ग्रह इस साल में दोबारा अस्त होंगे जो 12 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक 24 दिन तक अस्त रहेंगे, इस दौरान शुभ काम सहित मांगलिक कार्य वर्जित रहेगा।

## बोली लगाकर होगी शराब दुकानों की नीलामी

भोपाल,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश सरकार 19 धार्मिक स्थलों में शराबबंदी के साथ लो अल्कोहल बेवरेज बार की एक नई श्रेणी शुरु करेगी। सामान्य बार से शुल्क से 50 प्रतिशत शुल्क देकर इस बार का लाइसेंस लिया जा सकेगा। इन नए बार में केवल बीयर ओर वाइन ही उपलब्ध होगी। इतना ही नहीं ई-टैंडर प्रक्रिया के बाद शेष बची शराब दुकानों की नीलामी बोली लगाकर की जाएगी। शराब दुकानों का निष्पादन सबसे पहल नवीनीकरण, लाटरी ओर इसके बाद ई-टेंडर के माध्यम से दिया जाएगा। शराब दुकानों के वर्तमान वष्र के मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर वर्ष 2025-26 के लिए आरक्षित मूल्य निर्धारित किया जाएगा। 80 प्रतिशत राजस्व सुरक्षित होने पर नवीनीकरण किया जाएगा और प्रतिशत इससे कम रहता है तो सभी दुकानें बोली के माध्यम से नीलाम की जाएंगी। नई नीति के तहत जनसुरक्षा की दृष्टि से अवैध शराब को नियंत्रित करने के लिए देशी शराब में कम तेजी की 60 डिग्री यूपी की नई श्रेणी शुरु की जाएगी। देश शराब 180 एमएल एवं 90 एमएल की होगी। 180 एमएल में टेट्रा पैक (पाउच) में भी शराब मिलेगी। देशी शराब की 375 का हाफ एवं 750 एमएल की फुल बोतलें परी तरह से बंद की जाएंगी।

## महिला थानों में स्वीकृत बल का 60 प्रतिशत अमला ही पदस्थ

भोपाल (आरएनएस)। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए नीति लागू करने जा रही है। इसमें महिला सुरक्षा बड़ा विषय है, जिसके लिए विभिन्न प्रविधान किए जा रहे हैं। इसके पहले भी महिला सुरक्षा को लेकर कई बड़े दावे ओर वादे किए जाते रहे हैं, पर सच्चाई यह है कि आधी आबादी की सुरक्षा देने के लिए सरकार पर्याप्त संसाधन ही उपलब्ध नहीं करा पा रही है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ी चुनौतियां हैं, पर इसमें सर्वप्रमुख है संसाधनों की कमी। प्रदेश के हर जिले में एक महिला थाना है, पर यहां पर्याप्त बल व संसाधन नहीं हैं। स्वीकृत की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत ही बल पदस्थ है। प्रदेश के नए जिलों में महिला थाने नहीं बने हैं। पुराने सभी 52 जिलों में थाने हैं। प्रत्येक थाने में थाना प्रभारी से लेकर आरक्षक तक 50 से 70 का बल स्वीकृत है, लेकिन इनमें कहीं 30 तो कहीं 40 का बल ही पदस्थ है। सबसे अधिक कमी आरक्षक और प्रधान आरक्षक के स्तर पर है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2017 में कहा था कि प्रतिवर्ष पांच हजार आरक्षकों की भर्ती की जाएगी। लेकिन इसके बाद से मात्र दो बार ही भर्ती हुई हे।

## कृषि उपज मंडी समिति, भैरूंदा
की ओर से आप समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

मदनसिंह रघुवंशी
कृषि उपज मण्डी समिति, भैरूंदा
एसडीएम भार साधक अधिकारी

विलियम जार्ज
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, भैरूंदा

**किसान भाईयों से अपील**

1. मण्डी प्रांगण में प्रवेश करते समय अपनी कृषि उपज आवश्यक रूप से दर्ज करायें व प्रवेश पर्ची प्राप्त करें।
2. किसान भाई अपनी फसल का क्रय विक्रय मण्डी प्रांगण में ही आकर करें।
3. किसान भाई अपनी कृषि उपज साफ करके मण्डी में लायें ताकि उचित मूल्य प्राप्त कर सकें।
4. नीलामी के समय किसान भाई अपने ट्राली पर उपस्थित रहें उचित मूल्य प्राप्त होने पर ही विक्रय करें।
5. सही तोल एवं समय पर भुगतान पाऐं।
6. कृषक भाईयों के लिए मोबाईल एप्प M.P.FARM.GATE के माध्यम से भी अपनी कृषि उपज का विक्रय अपने घर/खलियान/गोदाम से करने की सुविधा प्रदान है
7. किसान ही हमारे सच्चे मित्र है।

उमेदसिंह धुर्वे
मण्डी इंस्पेक्टर
कृषि उपज मण्डी समिति, भैरूंदा

## नगर परिषद भैरूंदा
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

- नगर परिषद की नागरिक सेवाऐं - सम्पत्ति कर, जल कर, जन्म एवं मृत्यु पंजीयन, जन शिकायत

समय पर करों का भुगतान करें, जल का अपव्यय न करें, साफ सफाई रखें सड़को पर गंदगी न फैलाऐं, कचरा, कचरा गाड़ी में ही डालें

मारुति शिशिर
अध्यक्ष, नगर परिषद भैरूंदा

प्रतिभा रितेश मकवाना
उपाध्यक्ष, नगर परिषद भैरूंदा

प्रफुल्ल गहरे
मु.न.प.अधिकारी नगर परिषद, भैरूंदा

## गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाऐं

ईशान अली — जिशान अली

ए.आर.कन्शट्रेक्शन
सीहोर नाका, भैरूंदा

बिन सहकार नहीं उद्धार
समस्त क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
अपेक्स बैंक

श्री खुशीराम बारेला — श्री कमलसिंह ठाकुर — श्री मुलचंद जायसवाल

सभी कृषक बंधु सहकारी साख समितियों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।
जय जवान - जय किसान

सौजन्य से - समस्त सेवा सहकारी समिति, भैरूंदा (नसरुल्लागंज), डिमावर राला, चींच, दिगवाड़, बोरखेड़ा कलॉं, रिठवाड़, निपानिया, तिलाड़िया

बिन सहकार नहीं उद्धार
समस्त क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
अपेक्स बैंक

श्री राजेन्द्र गौड़ — श्री दिलीपसिंह राजपूत

सभी कृषक बंधु सहकारी साख समितियों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।
जय जवान - जय किसान

अशोक सांवरिया — दीपक यादव

सौजन्य से - समस्त सेवा सहकारी समिति, इटावा कलॉं, इटारसी छीपानेर, डोबा, बालागॉंव, बांईबोड़ी, पिपलानी, वासुदंव

## शुभम् कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल
शास्त्री कॉलोनी, भैरूंदा
हर घर तिरंगा
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

Principal Mrs. Gouri Jadoun
Director Vijendra Kumar Sharma

"On this Independence Day, let's honor the heroes who fought for our freedom and reflect on our nation's journey."

बिन सहकार नहीं उद्धार
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
अपेक्स बैंक

सभी कृषक बंधु सहकारी साख समितियों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

श्री रमेश दायमा — श्री राधेश्याम सोलंकी — जनार्दन शर्मा — मोहन मीणा — अशोक मीणा

सौजन्य से - समस्त सेवा सहकारी समिति, लाड़कुई, भादाकुई, छिंगॉव मौजी

देश सजग रहिये - सुरक्षित रहिये भक्ति सजग रहिये - सुरक्षित रहिये जनसेवा
पुलिस थाना, भैरूंदा की ओर से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

इन बातों का रखे ख्याल-कभी किसी भी व्यक्ति को मोबाईल पर ए.टी.एम नम्बर न बताए। चाहे वह फोन बैंक से ही क्या न हो। सार्वजनिक वाहन रिक्शे आदि मे बैठकर लेनदेन की बात न करें। अनजान व्यक्ति पर बिन सोचे समझे विश्वास न करें।अपरिचित व्यक्ति द्धारा दी गई खाद्य सामग्री का सेवन न करें। मकान व प्रतिष्ठान पर सी.सी.टी.वी केमरे अवश्य लगवाए। नारी सम्मान, नारी सुरक्षा को मानव कर्तव्य समक्षकर मदद करना चाहिए। संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत पुलिस को सूचना देवे।वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें।, चलते वाहन पर मोबाईल से बात न करें।शारब पीकर वाहन न चलाए, यातायात नियमों को पालन करें।

इमरजेंसी सेवा के लिए सम्पर्क करें - 100-1092-1098-1090-1081

दीपक कुमार शुक्ला, पुलिस अधिक्षक, सीहोर — गीतेश गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक — दीपक कपूर, एसडीओपी., भैरूंदा — घनश्याम दांगी, थाना प्रभारी, भैरूंदा

## गणतंत्र दिवस
राष्ट्रीय पर्व की आप समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाऐं

श्री गोपाल पटेल
मार्गदर्शक

श्री गुरुकृपा ट्रेक्टर्स, भैरूंदा, श्री गुरुकृपा ट्रेक्टर्स, रेहटी
गुरुकृपा स्टोन क्रेशर, पटेल कृषि फार्म, गोरखपुर
पटेल कॉम्पलेक्स, भैरूंदा (नसरुल्लागंज)

संजय पटेल
संचालक
9826872182, 9977556565

## आर.एस.पंवार कन्ट्रक्शन, भैरूंदा
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

रामस्वरूप पंवार (ठेकेदार) — सोनू पंवार — विपिन पंवार — मोहित पंवार

विद्यासागर अकादमी हायर सेकेण्ड्री स्कूल, की ओर से
Happy Republic Day
शास्त्री कॉलोनी, भैरूंदा (नसरुल्लागंज)

## उचित मूल्य दुकान
चकल्दी तह. रेहटी जिला सीहोर
की ओर से आप समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाऐं
बारेलाल पर्ते

## सेवा सहकारी समिति
तह.सोयत तह. रेहटी जिला सीहोर
की ओर से आप समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाऐं
विजयसिंह तेकाम, ब्रांच मेनेजर, सोयत

## वन परिक्षेत्र, लाड़कुई
की ओर से आप सभी को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

वनों की कटाई न करें वनों को आग से बचायें

एस.एस.डाबर, वन मण्डल अधिकारी सीहोर, — प्रकाश उईके, वन परिक्षेत्र अधिकारी, लाड़कुई

## शिवांश वेयर हाउस एवं ओम सांई वेयर हाउस
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

श्री वतरनारायण माहेश्वरी, संचालक, शिवांश वेयर हाउस — राहुल माहेश्वरी, संचालक, ओम सांई वेयर हाउस

विज्ञापन संकलन - पत्रकार संजय कलमौर, सौरभ न्यूज एजेंसी, भैरूंदा 7610587564

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# कश्मीर देश का मुकुट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर के गांदरबल जिले में 6.5 किमी. लंबी जेड मोड़ सुरंग का उद्घाटन करते हुए कहा कि 'कश्मीर देश का मुकुट है, इसलिए मैं चाहता हूं कि यह ताज और सुंदर तथा समृद्ध हो।'

उन्होंने आगे यह भी कहा, 'मैं बस इतना चाहता हूं कि दूरियां अब मिट गई हैं, हमें मिल कर सपने देखना चाहिए, संकल्प लेना चाहिए और सफलता हासिल करनी चाहिए।' लेकिन इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का दिया गया भाषण ज्यादा महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक है, जिसके अनेक निहितार्थ निकाले जा सकते हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि 'पंद्रह दिन के अंदर पहले जम्मू को रेलवे डिवीजन और अब टनल, इन परियोजनाओं से न सिर्फ दिल की दूरी, बल्कि दिल्ली से दूरी भी कम हो जाती है।' प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री उमर ने कहा, 'मेरा दिल कहता है कि प्रधानमंत्री बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर के लोगों को किया गया अपना तीसरा वादा भी पूरा करेंगे, जो राज्य का दर्जा बहाल करना है।'

मुख्यमंत्री के भाषण से प्रतीत होता है कि उनका कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मोहभंग हुआ है और उन्होंने अच्छी तरह से समझ लिया है कि अगर जम्मू-कश्मीर का विकास करना है और यहां व्यवस्थित सरकार चलानी है तो प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग से ही चला सकते हैं, टकराव से नहीं। अगर मोदी का सहयोग मिलता रहेगा तो केंद्र का अनावश्यक हस्तक्षेप भी नहीं होगा। जाहिर है कि इस पर्वतीय प्रदेश में राज्य सरकार और केंद्र के बीच सहयोग से ही लोकतंत्र मजबूत होगा, शांति और स्थिरता आएगी।

आतंकवाद और अलगाववाद परास्त होगा। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए ये आवश्यक शर्तें हैं। पिछले कुछ वर्षो के दौरान राज्य में आतंकी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। संतोषजनक विकास भी हुआ है जिसके कारण पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिला है।

राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अपने भाषण के जरिए समझदारी का परिचय दिया है और अच्छी बात यह है कि यहां के मुसलमान भी अच्छी तरह समझने लगे हैं कि कश्मीर का भविष्य अस्थिर, अराजकताग्रस्त और आर्थिक रूप से संकटग्रस्त पाकिस्तान जैसे देश के साथ नहीं है, बल्कि भारत जैसे लोकतांत्रिक, स्थिर और आर्थिक रूप से मजबूत देश के साथ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला कश्मीरी अवाम की इसी सोच का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।




नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए नई दिल्ली के आईटीओ स्थित प्रदूषित यमुना नदी में अपना कटआउट डुबोया।


## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर विशेष

# नई ऊंचाइयों को पाने और राष्ट्रीय उत्तरदायित्वों को आत्मसात करने का महान पर्व

**संजीव ठाकुर,**

26 जनवरी गणतंत्र दिवस देश के लिए गौरव साली दिवस है। आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी। तब जाकर गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया था। और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी।

तत्कालीन वायसराय राजगोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1947 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट्र घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट्र के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है।



क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं उसके महत्व को कितना समझ रहे हैं, एवं उसके प्रति कितनी श्रद्धा है। आजादी वीर जवानों के संघर्षों की ही देन है। हमारा गणराज्य या भारतीय लोकतंत्र हमेशा सलामत रहे। हमारे देश की सेना के वीर जवान सीमा पर सर्दी गर्मी लूट एवं अनेक विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी हर पल दुश्मनों पर केवल इसलिए नजर रखते हैं कि हमारा गणतंत्र एवं हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सुरक्षित रह सके। हमें भी अपनी स्वतंत्रता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लेते हुए देश के विकास में हरसंभव योगदान देना चाहिए। महान संत रामतीर्थ ने कहा था कि "राष्ट्र के हित की रक्षा के लिए प्रयत्न करना विश्व की शक्तियों का यानी देवताओं की आराधना करना ही है"। राष्ट्रीय एकता का यह पर्व हम सबको एवं सभी धर्मों को मिलजुल कर रहने एवं प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। हमें हर संभव देश के स्वतंत्रता ,अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ लेनी चाहिए। हमें इस गणतंत्र दिवस पर नए संकल्प यानी नारी शक्ति की आराधना, बालिकाओं के समग्र विकास की परिकल्पना देश की हर संभव विकास की संभावनाओं को अग्रसर करना एवं सांप्रदायिक सौहार्द शांति अमन बनाए रखने में हर संभव एकजुट रहना होगा। यह सर्वविदित है की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने विकास की नई शाखाएं विज्ञान, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य, स्पेस रिसर्च एवं सामरिक महत्व के कई अविष्कारों पर अपनी प्रगति की छाप छोड़ी है। भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से देश में चहुमुखी विकास किया है। एवं विदेशों में भी भारतीय लोगों ने अपना परचम फैलाया है। वर्तमान समय में कोविड-19 के संक्रमण में भारत वासियों ने जिस एकजुटता एवं अपनी जिजीविषा का परिचय देकर इसे प्राप्त किया है वह निसंदेह काबिले तारीफ है। भारत सरकार ने न सिर्फ अपने देश के नागरिकों की रक्षा की है बल्कि विदेशों में गरीब लोगों के लिए दवाइयां एवं इंजेक्शन भी निर्यात किए हैं। गणतंत्र दिवस में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम धार्मिक आडंबर, अंधविश्वास एवं शिक्षा को देश से समूल नष्ट कर बाहर फेंकने का काम करेंगे। स्त्रियों बालिकाओं को उचित सम्मान देकर उनकी शिक्षा उनके सम्मान एवं उनकी सहभागिता को उचित महत्व देकर आगे बढ़ाएंगे। गणतंत्र दिवस को नई कल्पना नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प के साथ मनाना होगा।26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को एक औपचारिक समारोह के रूप में ना मनाकर नई प्रतिज्ञा, नई शपथ और विकास की ऊंचाइयों को छूने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए जिन महान संत संग्राम सेनानियों ने और नागरिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है उनको नमन एवं श्रद्धांजलि देते हुए हम नए संकल्प के साथ कि भारत को नई ऊंचाइयों में पहुंचा कर विश्व गुरु बनाने की प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। शुभकामनाओं तथा बधाइयों के साथ।

# ट्रंप की व्यक्तिगत सोच और सामरिक नीति में गहरा अंतर

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

अमेरिकी विदेश नीति का एक प्रमुख उद्देश्य लोकतंत्र, मानवाधिकारों और कानून के शासन का प्रचार-प्रसार करना है।

यह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और सहयोगियों के साथ काम करने के रूप में दिखाई देता है। ये लक्ष्य अमेरिकी विदेश नीति के केंद्रीय स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं, और वैश्विक स्तर पर अमेरिका की भूमिका को आकार देते हैं लेकिन ट्रंप मूल्यों पर आधारित सहयोग की नीति को नकार कर अमेरिका की विदेश नीति को अधिक एकतरफा और संप्रभुतावादी बनाने की ओर देख रहे हैं। उनकी गृह और विदेश नीति में अलगाव का समान विचार नजर आता है।

देश के भीतर वे सांविधानिक प्रावधानों के साथ अलगाव करने वाली जनता के साथ खड़े हैं, और उन्होंने केपिटल हिल के दंगाइयों को माफी दे दी है, वहीं वैदेशिक संबंधों को लेकर उनकी कूटनीति फायदों की तराजू को लेकर आगे बढ़ रही है। छह जनवरी, 2021 को एक अभूतपूर्व घटना घटी थी जब उनके समर्थकों ने अमेरिकी कैपिटल पर हमला किया था। ट्रंप ने कई बार इस हमले का समर्थन किया और भीड़ को उकसाया था।

ट्रंप ने राजनीतिक हिंसा करने वाले लोगों को माफ करके लोकतंत्र की शांतिप्रिय तरीके से सत्ता हस्तांतरण की शांतप्रिय व्यवस्था पर मानो अविश्वास जता दिया है। अमेरिका का उद्देश्य वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देना और अपने आर्थिक हितों की रक्षा करना है। यह मुक्त व्यापार समझौतों, व्यापार संबंधों और निवेश को बढ़ावा देने के माध्यम से होता है। ट्रंप इससे उलट व्यवहार कर रहे हैं। वे व्यापार समझौतों के पुन- मोल-भाव करने में विश्वास रखते थे। ट्रंप ने कई पुराने मुक्त व्यापार समझौतों को संशोधित या समाप्त करने की मंशा जाहिर कर दी है। ट्रंप बहुपक्षीय संस्थाओं और समझौतों की बजाय द्विपक्षीय संबंधों को प्राथमिकता देना चाहते हैं।

ट्रंप ने पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते से बाहर निकलने का निर्णय लिया है, यह तर्क देते हुए कि यह समझौता अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा और रोजगार में कमी करेगा। पेरिस जलवायु समझौता वैश्विक समझौता है, जो जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने और वैश्विक तापमान को बढने़ से रोकने के उद्देश्य से 2015 में पेरिस, फ्रांस में हुए संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में 195 देशों द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। पेरिस जलवायु समझौता ऐतिहासिक समझौता है, जो जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वैश्विक प्रयासों को एकजुट करता है। हालांकि यह समझौता स्वैच्छिक है, और इसमें कानूनी बाध्यता नहीं है, फिर भी यह देशों को अपना उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देशों द्वारा तय किए गए लक्ष्य कितने प्रभावी तरीके से लागू होते हैं, और क्या वे समय-समय पर अपने लक्ष्य बढ़ाने के लिए तैयार होते हैं।

पेरिस समझौते के तहत देशों को अपने कार्बन उत्सर्जन में कमी करने की दिशा में काम करना होता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग को सीमित किया जा सके। इसके लिए दुनिया के प्रमुख कार्बन उत्सर्जक देशों, जैसे अमेरिका, चीन, भारत, यूरोपीय संघ आदि, को अपनी नीति के अनुसार उत्सर्जन में कमी लाने के उपाय करने होते हैं। अमेरिका इससे अलग हट कर अपनी वैश्विक जवाबदेही से हट रहा है, और ट्रंप को इससे परहेज नहीं है। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र, नाटो, और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को लेकर अपनी असहमति व्यक्त की। उनका मानना था कि ये संगठन अमेरिका के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं, और अमेरिका के योगदान को उचित नहीं मानते।

नाटो और यूरोप के साथ अमेरिका के हित बहुत गहरे और विविध हैं, जो सुरक्षा, आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक दृष्टिकोण से जुड़े हुए हैं। अमेरिका के लिए नाटो और यूरोप के साथ सहयोग और संबंध बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये उसके वैश्विक रणनीतिक और सुरक्षा हितों के लिए अहम हैं। नाटो, और विशेष रूप से अमेरिका, यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस के खिलाफ मजबूत रक्षा स्थिति बनाए रखने का प्रयास करते हैं। ट्रंप पुतिन को सशक्त नेता मानते हैं। उन्होंने कई बार कहा है कि पुतिन मजबूत और सक्षम नेता हैं, जो अमेरिका के लिए लाभकारी हो सकते हैं। ट्रंप पुतिन से सीधे संवाद स्थापित करने पर बल देते हैं।ट्रंप की व्यक्तिगत सोच और अमेरिका की पारंपरिक रक्षा और सामरिक नीति में गहरा अंतर है। यह स्थिति अमेरिका की वैदेशिक नीति का संकट बढ़ा सकती है। अमेरिका के लिए भारत का महत्त्व कई स्तरों पर फैला हुआ है। भारत उसका बड़ा रणनीतिक, आर्थिक और राजनीतिक साझेदार है, जो अमेरिकी हितों को दक्षिण एशिया, एशिया-प्रशांत और वैश्विक स्तर पर मजबूत करता है। ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार असंतुलन को लेकर चिंता जताई है। वे भारत पर शुल्क को कम करने का दबाव डाल सकते हैं। पिछले कार्यकाल में ट्रंप प्रशासन के तहत भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और सैन्य संबंधों में काफी वृद्धि हुई थी। दोनों देशों ने अधिक संयुक्त सैन्य अभ्यास किए और अमेरिका ने भारत को उच्चस्तरीय रक्षा प्रौद्योगिकी और उपकरणों की आपूर्ति की।

## आज का राशिफल



मेष राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी गुम हुई पुरानी वस्तु आज वापस मिल जाएगी। साथ ही आपको इनवेस्ट में लाभ होगा। इस राशि वाले लोगों को अपने जीवनसाथी से आज गिफ्ट मिल सकता है। जिससे आप दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आज दूसरों की बात भी अच्छे से समझने की कोशिश करें। इससे आपको लाभ मिलेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। इस राशि के लोग आज जीवनसाथी को लेकर कहीं धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें, बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगे। आज पारिवारिक रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

कर्क राशि- आज के दिन आपको धन लाभ होगा। आज किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह का निर्णय लेने से पहले बड़ों की सलाह लें। अपने ध्यान को केन्द्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज जो भी चीज आपके लिए रुकावट बनती है, उसे नजरदांज करें। इस राशि के स्टूडेंट्स किसी तरह का परीक्षा फॉर्म भी भर सकते हैं या इंटरव्यू में जा सकते हैं।

सिंह राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान रचनात्मक कार्यों की तरफ ज्यादा रहेगा। नया वाहन खरीदनें के लिए आज का दिन शुभ है। साथ ही घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीददारी करने के लिए भी आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार है साथ में घूमने का प्लान बना सकते है। आज सोच-समझकर ही दूसरों की मदद करें।

कन्या राशि- आज का दिन लकी है। आज के दिन की शुरुआत खुशहाल रहने वाली है। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज मेहनत और व्यवहार के कारण आपको धनलाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपके प्रभाव से पस्त रहेंगे। इस राशि के लोगों को आज पारिवारिक सुख और शांति का लाभ होगा।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रही रहेगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहराएंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। अगर आप नया वाहन खरीदने की सोच रहें है तो खरीद लें। व्यापार में आपको लाभ मिलने के आसार नजर आ रहें हैं।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी कार्य को पूरा करने का प्रयास सफल रहेगा। आज परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे और आपके आत्म सम्मान में वृद्धि होगी। आज किसी व्यक्ति विशेष से आपको मदद मिल सकती है। रात को बाहर दोस्त के साथ डिनर करने जाएंगे। आज ऑफिस में सरलता से कार्य को पूरा करने की कोशिश करें, मेहनत के मुताबिक सफलता आपको हासिल होगी।

धनु राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। व्यापारी वर्ग के लोगों को धन लाभ होगा। अगर किसी नए व्यापार की शुरूआत करना चाह रहें है तो आज शुरुआत कर सकते है। इस राशि के लोगों को जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं धार्मिक स्थलों पर जाने का मन बना सकते है। आय के नए स्रोत मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। इस राशि के लवमेट के लिए बढ़िया दिन है। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। भाई के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, साथ ही किसी से बात करते वक्त अपने आप को संयमित रखें।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल होने वाली है। साथ ही किसी विदेशी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। जिसे जॉइन करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज वाहन की पार्किंग सेफ जगह पर ही करें, वरना फाइन भरना पड़ सकता है।

मीन राशि- आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आएगा। आपका रुझान अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। घर में आज समय ज्यादा व्यतीत करेगें। पैसों की जुड़ी समस्या आज खत्म हो जाएगी। व्यवसाय से धन लाभ होगा। इस राशि के स्टूडेंट के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है।

# दिल्ली दंगों का दर्द फिर उभर

**पंकज चतुर्वेदी**

दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान के लिए तैयार है, और पांच साल पहले भड़के उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दंगों का दर्द फिर उभर आया है।

दंगों की साजिश के आरोप में बहुत से लोग यूएपीए के तहत जेल में हैं, और उस मुकदमे का न्याय ठिठका हुआ है। वैसे पुलिस ने दंगे से जुड़े 758 मामले पंजीकृत किए थे। इनमें से एक स्पेशल सेल, 62 क्राइम ब्रांच और 695 उत्तर-पूर्वी दिल्ली के विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने दंगों से जुड़ी कुल 758 एफआईआर दर्ज कीं। इनमें अभी तक 2619 लोगों की गिरफ्तारी हुई जिनमें से 2094 लोग जमानत पर हैं। अब तक सिर्फ 47 लोगों को दोषी पाया है, और 183 लोग बरी भी हो गए हैं। 75 लोगों के खिलाफ सबूत न होने के कारण कोर्ट ने उनका मामला रद्द कर दिया है। इतने वर्ष बीतने के बावजूद इनमें से अभी तक 268 मामलों में जांच पूरी नहीं हो पाई है।

जरा सोचें 1680 दिन बाद दंगे के कौन से साक्ष्य अब मिलेंगे? कुछ अर्जियां ऐसी भी हैं, जिन पर मामले दर्ज ही नहीं किए गए क्योंकि उनमें कुछ बड़े नाम थे। ऐसे भी मामले (57) जिनमें पुलिस के हाथ प्रमाण नहीं लगे और इन्हें बंद करने के लिए पुलिस ने अदालत से निवेदन किया है। ऐसे 43 मामलों की क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट ने स्वीकार कर ली हैं जबकि 14 रिपोर्ट अभी विचाराधीन हैं। सच है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था का जिम्मा केंद्र सरकार का है, लेकिन न्याय और जेल राज्य सरकार के हाथों हैं। यह भी सामने आ चुका है कि दिल्ली हिंसा के पहले दिन ही अनेक जागरूक लोग मनीष सिसोदिया सहित आप के बड़े नेताओं के घर गए थे कि 'हम सभी को तनावग्रस्त इलाके में चल कर लोगों को समझा कर शांत करना चाहिए' लेकिन इन नेताओं ने इससे इनकार कर दिया था। विदित हो दिल्ली में विधानसभा चुनाव के नतीजे के तत्काल बाद ही दंगे हो गए थे। इस आशय का पत्र और तथ्य अब चार्जशीट के हिस्से हैं।



दंगों के तत्काल बाद दिल्ली सरकार के दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग ने नौ सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। इसके चेयरमैन सुप्रीम कोर्ट के वकील एमआर शमशाद और गुरमिंदर सिंह मथारू, तहमीना अरोड़ा, तनवीर काजी, प्रो. हसीना हाशिया, अबु बकर सब्बाक, सलीम बेग, देविका प्रसाद तथा अदिति दत्ता सदस्य थे। इस जांच कमेटी ने दंगों में घोषित मुआवजे के लिए लिखे गए 700 प्रार्थनापत्रों का अध्ययन किया। अपने अध्ययन के बाद कमेटी ने पाया कि अधिकतर मामलों में क्षतिग्रस्त जगह का दौरा भी नहीं किया गया और जिन मामलों में जान-माल का नुकसान पाया गया, उनमें भी बहुत कम धनराशि, अंतरिम सहायता के रूप में दी गई। दंगों के तुरंत बाद कई लोग घर छोड़ कर चले गए। इसलिए बहुत से लोग मुआवजे के लिए आवेदन नहीं कर सके।

मुआवजे में भी सरकारी अधिकारी के मरने पर उनके परिवार वालों को एक करोड़ की रकम दी गई जबकि एक आम नागरिक की मौत पर केवल 10 लाख रु पये का मुआवजा दिया गया। मुआवजे का कोई तार्किक आधार तय नहीं किया गया। इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, फिर भी दंगा पीड़ितों को केंद्र ने कोई मदद नहीं की। इस बात के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की भूमिका भी संदिग्ध है कि अप्रैल, 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा दावा आयोग (एनईडीआरसीसी) के गठन के बावजूद आज भी 2,790 दावे अनसुलझे हैं। वादे-दावे आगे चल कर सरकार बनाम उपराज्यपाल के झगड़े में फंस गए। 25 अगस्त, 2022 को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दावों के निपटान में तेजी लाने के लिए आयोग में 40 नये हानि मूल्यांकनकर्ताओं को नियुक्त किया। उन्हें नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश करने के लिए कहा गया। एलजी सक्सेना ने मौजूदा 14 मूल्यांकनकर्ताओं को 25 अगस्त की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर उन्हें सौंपे गए दावा निपटान पर अपनी रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। कहा गया कि इन मूल्यांकनकर्ताओं में से कुछ को सरकार द्वारा उन्हें दी गई जिम्मेदारी के बारे में भी पता नहीं था। बहुत से लोगों ने काम ही नहीं शुरू किया। उधर आयोग के अधिकारी कहते हैं कि एलजी द्वारा नियुक्त असेस्मेंट टीम के 40 में से 5 से ही उनका संपर्क हो पाया। हालांकि यहां लोगों ने लाखों गंवाए हैं, समय के साथ उनके जख्म भर रहे हैं। बहुत से लोगों ने नये सिरे से रोजी-रोटी के रास्ते खोले हैं, लेकिन सरकार के मुआवजे के दावे और निर्दोष लोगों को न्यायिक सहयोग में आप सरकार की निर्ममता और लापरवाही केंद्र सरकार से कम नहीं हैं। न्याय की बात हो या राहत की या लोगों की नफरत मिटा कर सौहार्द के प्रयास की-तीनों कार्य राज्य की सरकार की जिम्मेदारी थे।

## इसरो 29 जनवरी को लॉन्च करेगा नाविक सैटेलाइट सिस्टम

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 29 जनवरी को अपने जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट के जरिए एनवीएस -02 सैटेलाइट लॉन्च करने वाला है।

यह सैटेलाइट नेविगेशन विथ इंडियन कांस्टेलेशन (नाविक) सिस्टम का हिस्सा है, जो भारत की नेविगेशन आवश्यकताओं को निजी और सैन्य क्षेत्रों में बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

एनवीएस -02 सैटेलाइट को बेंगलुरु के यूआर सैटेलाइट सेंटर में डिजाइन और विकसित किया गया है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यह लॉन्च होगा।नाविक भारत का स्वदेशी क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है, जो भारत और इसके आसपास 1,500 किलोमीटर तक के क्षेत्र में काम करता है। यह यूजर्स को सटीक स्थिति, गति और समय सेवाएं प्रदान करता है।नाविक 2 सेवाएं (एक आम उपयोग के लिए मानक स्थिति सेवा और दूसरा अधिकृत यूजर्स के लिए प्रतिबंधित सेवा देता है। यह सिस्टम 20 मीटर से बेहतर स्थान सटीकता और 40 नैनोसेकंड से बेहतर समय सटीकता सुनिश्चित करती है।एनवीएस -02 सैटेलाइट नाविक की सेवाओं को बेहतर करेगा और इसे नेविगेशन, आपातकालीन सेवाओं, सटीक कृषि, बेड़े प्रबंधन और मोबाइल लोकेशन सेवाओं के लिए अधिक उपयोगी बनाएगा।

# महाकुंभ में 73 देशों के राजनयिक लगाएंगे संगम में डुबकी

### रूस और यूक्रेन के राजदूत भी एकसाथ होंगे शामिल, बड़े हनुमान और अक्षयवट के करेंगे दर्शन



प्रयागराज(आरएनएस )। इस बार 73 देशों के राजनयिक पहली बार संगम में स्नान करने जा रहे हैं। परस्पर धुर विरोधी माने जाने वाले रूस और यूक्रेन के राजदूत भी इस ऐतिहासिक आयोजन में एकसाथ शामिल होंगे। यह वैश्विक आयोजन गंगा किनारे भिन्न-भिन्न संस्कृतियों और विचारधाराओं के बीच एक अनोखे तालमेल का संदेश देगा। यहां अमेरिका और बांग्लादेश के भी राजनयिक अमृतकाल के गवाह बनेंगे।

मेलाधिकार विजय किरण आनंद ने पुष्टि की कि एक फरवरी को 73 देशों से राजनयिक महाकुंभ की महानता को देखने आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को इसके लिए पत्र भी लिखा है। पत्र में कहा है कि दुनियाभर के राजनयिक महाकुंभ नगर में बड़े हनुमान और अक्षयवट के दर्शन करना चाहते हैं।

ये सभी विदेशी राजनयिक नाव से संगम नोज पहुंचेंगे और स्नान करेंगे। यहां से वे अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन करने जाएंगे।महाकुंभ में आने वालों में जापान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन, बांग्लादेश, जर्मनी, आर्मेनिया स्लोवेनिया, हंगरी, बेलारूस, सेशल्स, मंगोलिया, कजाकिस्तान, आस्ट्रिया, पेरु, ग्वाटेमाला, मैक्सिको, अल्जीरिया, दक्षिण आफ्रीका, अलसल्वाडोर, चेक रिपब्लिक, बुल्गारिया, जार्डन, जमैका, इरिट्रिया, फिनलैंड, ट्यूनीशिया, फ्रांस, एस्टोनिया, ब्राजील, सूरीनाम, जिंबाब्वे के राजनयिक शामिल हैं।इनके अलावा मलेशिया, माल्टा, भूटान, लेसोथो, स्लोवाक, न्यूजीलैंड, कंबोडिया, किरगिज, चिली, साइप्रस, क्यूबा, नेपाल, रोमानिया, वेनेजुएला, अंगोला, गुयाना, फिजी, कोलंबिया, सीरिया, गिनी, म्यांमार, सोमालिया, इटली, बोत्सवाना, परागुआ, आईसलैंड, लातविया, नीदरलैंड, कैमरून, कनाडा, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, थाईलैंड, पोलैंड व बोलिविया के भी राजनयिक महाकुंभ आएंगे।

## आप ने गृहमंत्री के विलेन के चेहरे का पोस्टर और वीडियो किया जारी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी हर हथकंडा अपना रही है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत सभी नेता लगातार अपने विधानसभा इलाकों में पदयात्रा, रैलियां और जनसभा कर रहे हैं। इसके साथ ही पार्टी बीजेपी पर आरोप लगाने और अपनी उपलब्धियां को गिनवाने के साथ दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पर भी केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय को घेर रही है।

आम आदमी पार्टी की तरफ से तड़ीपार चिकारा, दिल्ली वाले बीजेपी का करेंगे बैकपैक जैसे कई पोस्टर और वीडियो लगातार जारी किए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल हर बार दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमला बोलते दिखाई देते हैं। दिल्ली में क्राइम के मामलों को लेकर वह सीधे गृहमंत्री अमित शाह को इसके लिए जिम्मेदार बताते हैं।

आम आदमी पार्टी अपने पोस्टर रणनीति के जरिए लोगों के बीच दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाकर यह बताना चाहती है कि दिल्ली में अगर क्राइम है और अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है, तो इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली में शिक्षा, सफाई, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की जिम्मेदारी जनता ने दिल्ली सरकार को दी है। इस पर दिल्ली सरकार लगातार काम कर रही है और सफल हो रही है। लेकिन लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के पास है और अपराध को रोकने के लिए सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है।

आम आदमी पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि दिल्ली पुलिस को भाजपा के प्रत्याशियों के साथ चुनाव प्रचार में लगा दिया गया है।

# सुबियांतो का राष्ट्रपति भवन में स्वागत

### -भारत और इंडोनेशिया के बीच घनिष्ठ सहयोग की जताई प्रतिबद्धता

नई दिल्ली, (आरएनएस)। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औपचारिक स्वागत किया।

उनकी यात्रा भारत-इंडोनेशिया संबंधों में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, क्योंकि राष्ट्रपति प्रबोवो रविवार को भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

राष्ट्रपति प्रबोवो गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे और एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया।

औपचारिक स्वागत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने सम्मान के लिए गहरा आभार व्यक्त किया।



इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने कहा, मैं आज मुझे मिले महान सम्मान के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। इंडोनेशिया भारत को अपना बहुत करीबी मित्र मानता है। भारत उन पहले देशों में से एक था, शायद पहला, जिसने हमारी स्वतंत्रता को मान्यता दी और स्वतंत्रता के लिए हमारे संघर्ष में हमारा समर्थन किया। हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत ने हमारी मदद के लिए क्या किया।

उन्होंने कहा, मैं आज बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं और कल मैं आपके गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बनकर दोगुना सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं भारत के साथ घनिष्ठ सहयोग और घनिष्ठ साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यह मेरा दृढ़ संकल्प है।

बता दें कि अक्टूबर 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह प्रबोवो की पहली आधिकारिक भारत यात्रा है।

वह राजघाट में पुष्पांजलि समारोह में भाग लेंगे और दोपहर में हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ बैठक करेंगे। बैठक में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान और प्रेस वक्तव्य शामिल होंगे। वह ताज होटल में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मिलेंगे, उसके बाद राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया.

## बसपा नेता हरबिलास सिंह रज्जूमाजरा की अंबाला में गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

अंबाला,(आरएनएस)। हरियाणा के अंबाला जिले के नारायणगढ़ में शुक्रवार शाम को अज्ञात हमलावरों ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता हरबिलास सिंह रज्जूमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी।

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। रज्जूमाजरा अपने 2 दोस्त पुनीत और गुगल के साथ यात्रा कर रहा थे, उसी दौरान हमलावरों ने गोलियां चला दी।

इसमें रज्जूमाजरा और पुनीत को गोली लगने के बाद चंडीगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रज्जूमाजरा की मौत हो गई।

पुलिस अभी तक गोलीबारी की घटना में शामिल हमलावरों की पहचान नहीं कर पाई है। नारायणगढ़ पुलिस थाना अधिकारी ललित कुमार ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल टीम की मदद से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं।

अंबाला के पुलिस अधीक्षक एसएस भोरिया ने बताया कि हमलावरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। वह इलाके में लोगों से पूछताछ में जुट गई है। जल्द ही हमलावरों का पता लगाकर उनके दबोच लिया जाएगा। इस घटना के बाद अंबाला के बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ गया है। उन्होंने पुलिस से रज्जूमाजरा की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के प्रयासों में तेजी लाने और जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। बता दें कि रज्जूमाजरा ने पिछले साल हरियाणा विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली। वह राधे फार्म नाम का बैक्वेंट हॉल चलाते थे।

## यूपी के शाहजहांपुर में कार-ट्रक के बीच भिड़ंत, चार की मौत

शाहजहांपुर,(आरएनएस)। यूपी के शाहजहांपुर जिले के अल्हागंज क्षेत्र में शनिवार को भीषण हादसा हो गया। ट्रक ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी। इससे कार सवार छह में से चार युवकों की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।पुलिस के क्षेत्राधिकारी अमित कुमार चौरसिया ने बताया कि जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्हागंज क्षेत्र के पास एक कंटेनर और कार के भिड़ंत हो गई। कार सवार चार लोगों की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई।

## आप ने पोस्टर वॉर के बीच राहुल गांधी को भी बताया बेईमान



### -दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा में इन दिनों पोस्टर वॉर चल रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साध रहे हैं।

इस बीच आप ने शनिवार को एक पोस्टर के जरिए विपक्षी नेताओं को बेईमान बताया है। बड़ी बात यह है कि बेईमानों की सूची में राहुल को भी प्रमुखता से दिखाया गया है। अब इस पोस्टर की जमकर चर्चा हो रही है।

आप ने इस पोस्टर पर भड़काऊ टैगलाइन दी है। पोस्टर में लिखा है, केजरीवाल की ईमानदारी सभी बेईमान लोगों पर भारी पड़ेगी।

पोस्टर में बेईमान नेताओं की तस्वीरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली भाजपा के कई नेताओं की तस्वीरें शामिल हैं।

इस पोस्टर में राहुल को शामिल करने से संकेत मिलता है कि आप ने अब पूरी तरह से कांग्रेस से दूरी बना ली है।

आप ने कांग्रेस पर यह हमला उस समय किया है जब राहुल ने केजरीवाल पर निशाना साधा था।राहुल ने गुरुवार को एक रैली में कहा था, दिल्ली को अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहिए, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल।उनका आरोप था कि केजरीवाल भी चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की प्रचार और झूठे वादों की रणनीति का पालन कर रहे हैं।

दिल्ली भाजपा ने भी नया पोस्टर जारी कर आप को गुंडो और अपराधियों वाला गिरोह करार दिया है। पार्टी के पोस्टर में लिखा है, 5 फरवरी को दिल्ली की जनता गुंडों और अपराधियों से भरे आपदा गिरोह को सबक सिखाएगी!

## एसपी के समक्ष 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर-रायपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और पुलिस के नक्सल उन्मूलन अभियान से प्रभावित होकर नारायणपुर जिले में 9 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में डीकेएमएस अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कई जनमिलिशिया सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने बताया कि उन्हें नक्सल संगठन के विचारों से मोहभंग हो गया था। संगठन में शोषण और क्रूर व्यवहार से परेशान होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति ने उन्हें नई उम्मीद दी है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत सभी सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने नक्सल संगठन के अन्य सदस्यों से अपील की कि वे भी भयमुक्त होकर आत्मसमर्पण करें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।



नई दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते छात्र।

### 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी में विभिन्न स्थानों में ध्वजारोहण होगा

रायपुर, (आरएनएस)। 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस की परेड एवं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन पुलिस लाइन रायपुर में होगा। परेड की सलामी छग के राज्यपाल रामेन डेका लेंगे। इसके अलावा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों एवं व्यक्तिगत रूप से परिवारों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम रविवार को सुबह आयोजित किया गया है।

## वीरेंद्र सचदेवा ने आप पर महिलाओं के फॉर्म कबाड़ में बेचने का लगाया आरोप

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी सरकार और अरविंद केजरीवाल पर महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दावा किया, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी द्वारा महिलाओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा किया गया है। महिलाओं को एक-एक हजार देने के नाम पर लाइन में लगवाकर फॉर्म भरवाए गए। लेकिन फिर उन फॉर्म को कबाड़ी को बेच दिया गया। इस मामले की जांच होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि हम यह मामला दिल्ली पुलिस को भी सौंपेंगे और इसकी जांच करवाएंगे कि इन डॉक्यूमेंट का कोई दुरुपयोग तो नहीं किया जा रहा है। यह मामला बहुत संगीन है और इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। पहले पंजाब की महिलाओं के साथ धोखा हुआ, अब दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखा हुआ है। न अभी तक किसी महिला को पैसे दिए गए और न ही आगे कोई पैसा मिलेगा।वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, एक ही विधानसभा तिमारपुर से करीब 30 हजार महिलाओं के फॉर्म हमें कबाड़ से मिले हैं। इसमें पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक की जानकारी है।

## आदिवासी बाहुल्य बस्तर में कथा सुनाएंगे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

रायपुर,(आरएनएस)। मंत्री ओपी चौधरी ने धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लिया. रायपुर स्थित उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के बंगला में आयोजित कार्यक्रम में पंडित धीरेंद्र शास्त्री शामिल हुए. उन्होंने कहा, धर्मांतरण के खिलाफ छत्तीसगढ़ में पदयात्रा करेंगे. नक्सल क्षेत्र बस्तर में कथा भी करेंगे. यहां शांति स्थापित करने हिंदू विचारधारा के लिए लोगों को जागरूक करेंगे. पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, अभी 19 जनवरी को आदिवासी जनजागरण कार्यक्रम किया गया. इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य था कि गांव-गांव, मोहल्ला-मोहल्ला में बागेश्वर मंडल बनाएंगे, जो हनुमान चालीसा का पाठ कराएगा और धर्मांतरण को रोकेगा. जो हमको दान में दिया जाएगा उस दान की राशि से हम गरीब बेटियों का घर बसाएंगे.मंत्री ओपी चौधरी का पोस्ट - कल बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास पर सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# वीरता पुरस्कार का हुआ ऐलान, 942 जवानों को मिलेगा अवॉर्ड

नईदिल्ली,(आरएनएस)। गणतंत्र दिवस 2025 के मौके पर 942 सुरक्षा कर्मियों को वीरता-सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा. इसमें पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के कर्मी शामिल हैं. इनमें से 95 को वीरता पदक, विशिष्ठ सेवाओं के लिए 101 को राष्ट्रपति पदक और 746 लोगों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया गया है. 95 वीरता पुरस्कारों में से अधिकांश नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात जवान शामिल हैं. जैसे- 28 नक्सल क्षेत्र के, 28 जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के, उत्तर पूर्व के 3 जवान और अन्य क्षेत्रों के 36 जवानों को वीरता पुरस्कार दिया जाएगा. वीरता पुरस्कार पाने वाले कर्मियों में 78 पुलिस जवान हैं तो 17 अग्निशमन सेवा के कर्मचारी हैं. राष्ट्रपति पदक पाने वाले 101 जवानों में 85 पुलिसकर्मी, पांच अग्निशन कर्मी, सात नागरिक सुरक्षा-होमगार्ड कर्मी है तो चार सुधार सेवा के कर्मी हैं. इसके अलावा, सराहनीय सेवा के 746 पुरस्कारों में से 634 पुरस्कार पुलिसकर्मियों को मिलेंगे, 37 अग्निशमन कर्मियों को, 39 नागरिक सुरक्षा-होमगार्ड कर्मियों को और 36 सुधार सेवा को प्रदान किए गए हैं.

1.छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस जवान
2.ओडिशा के 6 पुलिस जवान
3.उत्तर प्रदेश के 17 पुलिस जवान
4.जम्मू कश्मीर के 15 पुलिस जवान
5.असम राइफल्स के एक जवान
6.बीएसएफ के 5 जवान
7.सीआरपीएफ के 19 जवान
8.एसएसबी के 4 जवान
9.उत्तर प्रदेश फायर विभाग के 16 जवान
10.जम्मू-कश्मीर के एक जवान
11.फायर विभाग के एक जवान

असम, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, पुडुचेरी, केरल, राजस्थान, त्रिपुरा, मणिपुर, ओडिशा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश (सुधार सेवा), कर्नाटक, एनएसजी, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, रेलवे प्रोटेक्शन, संसदीय मंत्रालय मामले आरएस सचिवालय, एनसीआरबी को एक-एक अवॉर्ड दिया जाएगा. इसके अलावा, गुजरात, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल (फायर डिपार्टमेंट), पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, पंजाब, जम्मू-कश्मीर,एसएसबी, ओडिशा-उत्तर प्रदेश (होम गार्ड), सीआईएसएफ को दो-दो अवॉर्ड दिया जाएगा.

वहीं, गुजरात, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, एसएसबी, सीआईएसएफ, ओडिशा-उत्तर प्रदेश (होम गार्ड), केरल (फायर डिपार्टमेंट) को दो-दो अवॉर्ड दिया जाएगा.

दिल्ली पुलिस, उत्तर प्रदेश (सुधार सेवा),
आईटीबीपी को 3-3 अवॉर्ड दिया जाएगा.
महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से 4-4 अवॉर्ड दिया जाएगा.
उत्तर प्रदेश पुलिस और बीएसएफ को 5-5 अवॉर्ड दिया जाएगा.
सीआरपीएफ-सीबीआई 6 अवॉर्ड दिया जाएगा.
आईबी को 8 अवॉर्ड दिया जाएगा.







## फराह मैम के साथ काम करना कभी ना भूलने वाला : जुनैद खान

अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने फराह खान के साथ काम करने पर बात की। उन्होंने बताया कि डांसिंग कौशल में आने वाली परेशानियों के बावजूद इसे फराह खान ने कैसे आसान और सहज बनाया। जुनैद ने उनके साथ काम करने को कभी ना भूलने वाला बताया।जुनैद ने हाल ही में कोरियोग्राफर-निर्देशक फराह के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। फराह खान ने जुनैद और खुशी कपूर के साथ अपकमिंग 'लवयापा' के गाने 'रहना कोल' को कोरियोग्राफ किया है।'लवयापा' को लेकर जुनैद ने कहा, फराह मैम के साथ काम करना कभी ना भूलने वाला रहा है। वह सेट पर शानदार उपस्थिति लेकर आती हैं।







## हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार का नया गाना तेरे प्यार में रिलीज




जाने-माने गायक, संगीतकार और अभिनेता हिमेश रेशमिया अपनी फिल्म बैडएस रवि कुमार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में कोरियोग्राफर और अभिनेता प्रभु देवा भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस एक्शन म्यूजिकल फिल्म का निर्देशन कीथ गोम्स ने किया है।अब इस फिल्म का नया गाना तेरे प्यार में रिलीज हो गया है। फिल्म का गाना तेरे प्यार में रिलीज होग या, जो असल मे उनकी ही हिट एल्बम सुरूर 2021 का था।हिमेश का गाना तेरे प्यार में चार्टबस्टर था। रिलीज होते ही उनका यह गाना हिट हो गया था। अब जबकि इसकी शानदार वापसी हो गई है तो प्रशंसक भी अपना उत्साह जाहिर करने से नहीं चूक रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, भाई जी फिल्म का तो पता नहीं, लेकिन इसके सारे गाने फायर हैं।एक ने लिखा, हिमेश गाते भी हैं, हिमेश सचमुच रॉकस्टार हैं। उनके जैसा कोई नहीं।एक लिखते हैं, बॉलीवुड की बैंड बजाएगी बैडएस रवि कुमार।बता दें कि इससे पहले इस फिल्म के 3 गाने रिलीज हो चुके हैं और तीनों ही गानों ने यूट्यूब पर धूम मचाई है, वहीं फिल्म के ट्रेलर ने भी खूब धमाका किया था। हिमेश इस फिल्म से अब लंबे समय बाद अभिनय की दुनिया में लौट रहे हैं। वह पिछली बार साल 2020 में रिलीज हुई फिल्म हैप्पी हार्डी एंड हीर में नजर आए थे।यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

## स्टार बॉय सिद्दू जोन्नालगड्डा की जैक-कोनकेम क्रैक 10 अप्रैल 2025 को होगी रिलीज

सिद्दू जोनालागड्डा, जिन्होंने बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर टिल्लू स्क्वायर बनाई थी, वर्तमान में अन्य प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। अभिनेता ब्लॉकबस्टर निर्देशक बोम्मारिलु भास्कर द्वारा निर्देशित जैक में व्यस्त हैं। फिल्म की टैगलाइन कोनचेम क्रैक है। बोम्मारिलु भास्कर और सिद्दू जोनालागड्डा एक नई शैली की खोज कर रहे हैं। उनका सहयोग दर्शकों को रोमांचकारी अनुभव देने वाला है।लोकप्रिय निर्माता बीवीएसएन प्रसाद के नेतृत्व में श्री वेंकटेश्वर सिने चित्रा इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। 80 प्रतिशत से अधिक शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है। फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में हो रही है।

## अवनीत कौर ने मजेदार अंदाज में सुनाई अपनी लव स्टोरी



अभिनेत्री अवनीत कौर ने आखिरकार अपनी लव लाइफ के बारे में बात की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने मजेदार अंदाज में 'लव स्टोरी' सुनाई।अवनीत कौर सोशल मीडिया पर खासा सक्रिय रहती हैं और अपनी शानदार पोस्ट को प्रशंसकों संग साझा करती रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बिस्तर पर लेटी हुई एक शॉर्ट वीडियो साझा की। शॉर्ट वीडियो में वह ब्राउन रंग की स्वेटशर्ट पहने सेल्फी लेती नजर आईं।अवनीत ने कैप्शन में लिखा, मैं और मेरा बिस्तर, यह एक लव स्टोरी है।एक अन्य स्टोरी में अभिनेत्री ने बताया था कि वह इस समय जम्मू-कश्मीर में हैं। बताया कि उन्होंने 13 डिग्री तापमान में शूटिंग की। हालांकि, उन्होंने प्रोजेक्ट का ब्योरा नहीं दिया। नहीं बताया कि वो फिल्म की या किसी सीरीज की शूटिंग के लिए वहां पहुंचीं हैं।




## दांतों की देखभाल करने में मदद कर सकता है मिस्वाक तेल, जानें इस्तेमाल के तरीके



दांतों की देखभाल हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत अहम है और आजकल कई लोग प्राकृतिक तरीकों की ओर रुख कर रहे हैं।

मिस्वाक तेल एक ऐसा ही विकल्प है, जो मिस्वाक पेड़ से प्राप्त होता है। इसके कई फायदे हैं, जो आपके दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप अपने दांतों की देखभाल में मिस्वाक तेल का उपयोग कर सकते हैं ताकि दांत साफ और मसूड़े मजबूत बने रहें।

### दांतों को साफ रखने के लिए नियमित इस्तेमाल करें

मिस्वाक तेल का नियमित इस्तेमाल आपके दांतों को साफ रखने में मदद करता है।

इसमें प्राकृतिक तत्व होते हैं, जो बैक्टीरिया को हटाने में सहायक होते हैं। रोजाना ब्रश करने से पहले कुछ बूंदें मिस्वाक तेल की अपने टूथब्रश पर डालें और फिर ब्रश करें।

इससे आपके दांत चमकदार और स्वस्थ रहेंगे। यह तरीका न केवल आपके मुंह की सफाई करता है बल्कि सांसों को भी ताजा रखता है, जिससे आप पूरे दिन आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

### मसूड़ों की सेहत के लिए है फायदेमंद

मिस्वाक तेल मसूड़ों के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।अगर आपके मसूड़े कमजोर या सूजे हुए रहते हैं तो इस तेल का हल्का मालिश करना लाभकारी हो सकता है। इसे अपनी उंगलियों पर लेकर धीरे-धीरे मसूड़ों पर लगाएं और कुछ मिनट तक मालिश करें।

इससे रक्त संचार बढ़ता है और सूजन कम होती है, जिससे मसूड़े मजबूत बनते हैं और दर्द से राहत मिलती है।

### कैविटी से बचाव करने में है सहायक

कैविटी दांतों की एक आम समस्या बन गई है, लेकिन मिस्वाक तेल इसका समाधान हो सकता है।

इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण कैविटी पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करते हैं, जिससे कैविटी बनने का खतरा कम होता है।हफ्ते में दो बार इस तेल को अपने टूथपेस्ट के साथ मिलाकर इस्तेमाल करें ताकि आपके दांत लंबे समय तक स्वस्थ रहें और आपको डेंटिस्ट के पास बार-बार न जाना पड़े।

### सांसों की दुर्गंध दूर करने का उपाय

सांसों की दुर्गंध एक ऐसी समस्या होती है, जो अक्सर शर्मिंदगी का कारण बन सकती है, लेकिन मिस्वाक तेल इसका सरल समाधान प्रदान करता है।

इसकी ताजगी भरी खुशबू मुंह की दुर्गंध को दूर करती है और आपको आत्मविश्वास देती रहती है।

इसे माउथवॉश के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। लाभ के लिए एक गिलास पानी में कुछ बूंदें मिलाकर कुल्ला करें ताकि आपकी सांसें हमेशा ताजा रहें।

### प्लाक हटाने में है मददगार

दांतो पर जमा प्लाक कई समस्याओं का कारण बन सकता है, लेकिन मिस्वाक तेल इसे हटाने में मददगार साबित हो सकता है।इसके नियमित प्रयोग से प्लाक धीरे-धीरे कम होने लगता है, जिससे आपके दांत साफ-सुथरे दिखते रहते हैं।सप्ताह मे दो बार इसको अपने टूथब्रश पर लगाकर ब्रश करे ताकि प्लाक आसानी से निकल जाए और आपका मुस्कान हमेशा चमकदार बनी रहे।

## आयरन का बेहतरीन स्त्रोत है पालक, इससे बनाकर खाएं ये स्वादिष्ट स्नैक्स



पालक एक पौष्टिक हरी पत्तेदार सब्जी है, जो आपके खाने में नया स्वाद जोड़ सकता है।

पालक आयरन का बेहतरीन स्त्रोत है। इसके साथ ही इसमें विटामिन॰, विटामिन-ष्ट समेत कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं।

आइए आज हम आपको पालक के स्नैक्स की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप शाम के समय बनाकर खा सकते हैं। यकिनन ये आपके घर में सभी को पसंद आएंगे।

### कुरकुरी पालक पत्ता चाट

पालक पत्ता चाट बनाने के लिए सबसे पहले ताजे और बड़े पालक के पत्तों को धोकर सुखाएं।अब बेसन, नमक, लाल मिर्च और थोड़ा पानी मिलाकर गाढ़ा घोल बनाएं, फिर इस घोल में पालक के पत्तों को डुबोकर गर्म तेल में तलें।इसके बाद तले हुए पालक के पत्तों को प्लेट पर रखकर इनके ऊपर दही, हरी चटनी, मीठी चटनी, सेव और अनारदाना गार्निश करें।यह कुरकुरी पालक पत्ता चाट आपके मेहमानों को पसंद आएगी।

### पालक की टिक्की

पालकी टिक्की एक अनोखा व्यंजन है, जिसके लिए सबसे पहले उबले आलूओं को मैश करें और उसमें बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट मिलाएं।

अब इसमें उबला और कटा पालक डालें, फिर नमक और मसाले मिलाकर टिक्की का आकार दें। इन टिक्कियों को गरम तेल में सुनहरा होने तक तलें या तवे पर सेंके।इसे हरी धनिये की चटनी या खजूर की चटनी के साथ परोसें ताकि इसका स्वाद दोगुना हो जाए।

### मलाईदार पालक पास्ता

अगर आप पास्ता पसंद करते हैं तो मलाईदार पालक पास्ता जरूर बनाएं।

सबसे पहले पास्ता को पानी में उबालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर एक कढ़ाई में मक्खन गर्म करके उसमें लहसुन और प्याज भूनें।अब इसमें क्रीम डालकर मिलाएं, फिर इसमें उबला हुआ पास्ता और बारीक कटा पालक डालें।इसके बाद इसमें ऊपर से चीज़ और ओरेगानो या मिक्स्ड हर्ब्स डालकर इसे गर्मागर्म परोसें।यह पास्ता बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आएगा।

### पालक की स्मूदी

सुबह की शुरुआत अगर हेल्दी स्मूदी से हो तो पूरा दिन ऊर्जा भरा रहता है।

इसके लिए ब्लेंडर में ताजे पालक के पत्ते, केला, दही, शहद और थोड़ा-सा दूध डालकर ब्लेंड कर लें जब तक सब कुछ अच्छे से मिश्रित ना हो जाएं।

अब इस स्मूदी को ग्लास मे निकाल कर तुरंत पीएं। यह स्मूदी ना केवल पौष्टिक होती है बल्कि पेट भरने वाली भी होती हैं, जिससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती।

### मसालेदार पालक रोल्स

मसालेदार पालक रोल्स पार्टी स्नैक्स के लिए बेहतरीन विकल्प हैं।

इसके लिए रोटी बेलकर उस पर हल्का मक्खन लगाएं और बीच में तैयार मसाला रखें, जिसमें उबले आलू, पालक, प्याज, टोमैटो सॉस आदि शामिल हों।

अब इसे रोल करके हल्का सेंकें ताकि बाहर की परत कुरकुरी बन जाए। इन्हें काटकर प्लेट में सजाएं और ऊपर से थोड़ा चीज़ ग्रेट करके ओवन में हल्का मेल्ट होने तक रखें।ये रोल्स बच्चों को खासतौर पर पसंद आते हैं।

# कलेक्टर ने निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को किया सम्मानित

## नवीन मतदाताओं को प्रदान किए इपिक कार्ड जिला पंचायत सभाकक्ष में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



सीहोर, (निप्र) । कलेक्ट्रेट जिला पंचायत सभाकक्ष में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने नवीन मतदाताओं को इपिक कार्ड वितरित किए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का संदेश सुनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराना है। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी ने जिम्मेदारपूर्वक सामूहिक रूप से कार्य करते हुए शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक लोकसभा तथा विधानसभा के निर्वाचन संपन्न कराए हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है कि हम मतदान में अपने जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने कहा कि गत निर्वाचनों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सेक्टर ऑफिसर, पुलिस, बीएलओ, पत्रकार साथियों, नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मतदान की प्रक्रिया में शामिल सभी शासकीय सेवकों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का जो संकल्प लिया था, उसे पूरा किया है और निर्वाचन के दौरान सीहोर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा ? कि वर्तमान में हमारे जिले में दस लाख से अधिक मतदाता हो गए हैं और हमारा दायित्व है कि हम उन सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में नही जुड़े हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि जो मतदाता 17.5 वर्ष की आयु के हो चुके है, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू करें। ताकि जैसे ही वह 18 वर्ष की आयु पूर्ण करें, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया सभी प्रक्रियाओं में सबसे अधिक पारदर्शी प्रक्रिया होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्वाचन में हम सभी का यह सामूहिक प्रयास हो कि कोई भी मतदाता मतदान करने से न छूटे। इस अवसर पर एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि सभी ने जो पिछले निर्वाचनों को निर्विघ्न एवं पारदर्शी रूप से सफलतापूर्वक संपन्न कराया है, यह सभी के सामूहिक प्रयासों और एकता का उदाहरण है।

## कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों को दीं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सीहोर, (निप्र) । कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले के सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें राष्ट्र भक्ति, देश प्रेम एवं भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण और जिले के समग्र विकास के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए उनके सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की है। शुभकामना संदेश में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने देश के विभिन्न राज्य, भाषा, वेशभूषा, जातियों तथा संस्कृति को एक सूत्र में बांधा हुआ है। गणतंत्र दिवस इन्हीं संवैधानिक अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने का पर्व है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करते हुए गणतंत्र को और मजबूत बनाने की अपील की है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया "न्याय संवाद एक नई पहल" का शुभारंभ




सीहोर, (निप्र) । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सतीश चंद्र शर्मा ने सीहोर स्थित अधिवक्ता संघ के जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष म न्याय संवाद एक नई पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह न्याय संवाद औपचारिक नही बल्कि विभिन्न कानूनी विषयों पर जीवन्त चर्चा है। जिसमें अधिवक्तागण एवं न्यायाधीशगण स्वतंत्र होकर अपनी बात को रख सकते है एवं समस्याओं का समाधान निकाल सकते है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता इसलिए हम सभी को कठिन परिश्रम कर उत्कृष्टता के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि न्याय संवाद एक नई पहल के तहत प्रतिमाह के शनिवार को अधिवक्तागण एवं न्यायाधीशगण मिलकर पूर्व नियत कानूनी विषय पर उसके प्रावधानों, कठिनाइयों तथा समाधानों पर विस्तार से चर्चा करेंगे, जो कि सभी के लिए लाभकारी होगा तथा पक्षकारों को भी इससे लाभ होगा। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुश्री सुमन श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला रजिस्ट्रार एवं न्यायाधीश श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, प्रथम जिला न्यायाधीश संजय गोयल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्चना नायडू बोड़े, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा लीगल एंड डिफेंस काउंसिल्स उपस्थित रहें।

## खेत में काम करते समय करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

विदिशा,(आरएनएस)। गुलाबगंज थाना क्षेत्र के नेहरूखेड़ी गांव में बिजली के तार के चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। किसान अपने खेत में सिंचाई करने के दौरान हादसे का शिकार हो गया।जानकारी के मुताबिक 60 वर्षीय किसान गोरेलाल अहिरवार के खेत में एक टूटा हुआ बिजली का तार पड़ा था, जिसे वह देख नहीं पाया और उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से वह तुरंत बेहोश हो गया। पास के खेत में काम कर रहे उनके भाई और अन्य लोगों ने उन्हें जमीन पर अचेत अवस्था में देखा। परिजन तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गोरेलाल के दो बेटे और तीन बेटियां है। उसके पास 6 बीघा जमीन थी, जिसपर वह खेती करते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवा दिया है।

## सड़क हादसे में पिता और बेटी की मौत,मां-बेटा घायल

उज्जैन,(आरएनएस)। शुक्रवार रात सड़क हादसे में पिता और बेटी की मौत हो गई। घटना एमआर-5 रोड में कार और ऑटो की टक्कर से हुई। देर रात हुए सड़क हादसे की खबर लगने के बाद आसपास के रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप था कि इस जगह पर आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक स्पीड ब्रेकर नहीं बनवाए।

शुक्रवार रात ऑटो चालक शेख जीशान (38) पत्नी शहाना (30) बेटे आरिल और 6 माह की बेटी अनाविया को लेकर तोपखाने ससुराल गए थे। देर रात ढांचा भवन में घर लौटे समय आलोक इंटरनेशनल स्कूल के सामने से टर्न लेते समय सामने से आ रही कार क्रमांक स्क्क 13 रू9406 ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी की हादसे के दौरान कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी और ऑटो के परखच्चे उड़ गए। टक्कर से जीशान और उसकी पत्नी दोनों सड़क पर जा गिरे। जबकि बच्चे ऑटो में फंस गए। हादसे में जीशान और उसकी 6 माह की बेटी की मौत हो गई। मां और बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भीषण हादसे में पिता और पुत्री की मौत के बाद ढांचा भवन और एमआर-5 के आसपास की कॉलोनी में रहने वालों का गुस्सा फुट पड़ा। उन्होंने शनिवार सुबह रोड पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि चार लोगों की मौत पहले भी हो चुकी है।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों ने पीएम को भेजा ज्ञापन

टीकमगढ़, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले शनिवार को सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की है। शनिवार शाम करीब 5.30 बजे संगठन के पदाधिकारी केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के बंगले पर पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिला सचिव मुकेश त्रिपाठी ने बताया कि पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब, झारखण्ड सहित अन्य कुछ राज्यों की सरकारों ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लिया है। यदि एनपीएस को बंद कर ओपीएस लागू कर दिया जाए तो शासन को प्रति माह 14त्न राशि जमा नहीं करनी होगी। जो हर महीने करोड़ों रुपए होती है।संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खरे ने कहा कि पेंशन सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा होती है। अगर कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिलेगी, तो उनका जीवन अंधकार मय हो जाएगा। कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के नाम लिखे पत्र के माध्यम से पुरानी पेंशन योजना तत्काल लागू करने की मांग की। इस मौके पर देवानंद विश्वकर्मा, प्रदीप चतुर्वेदी, मुकेश सेन, आनंद भटनागर, पद्मेश पाठक सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक सुदेश राय फहराऐंगे कार्यालय पर तिरंगा उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्रता दिवस

सीहोर, (निप्र) । लीसा टाकिज स्थित विधायक कार्यालय में गणतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। देश भक्तिपूर्ण माहौल के मध्य रविवार सुबह 8 बजे विधायक सुदेश राय के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद कार्यकर्ताओं को विधायक सुदेश राय के द्वारा संबोधित किया जाएगा। नगर पालिका कार्यालय एवं भाजपा जिला कार्यालय और चर्च ग्राउंड पर आयोजित झंडावंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित होंगे। नगर पालिका कार्यालय पर नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर एवं भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। झंडावंदन कार्यक्रम में समस्त भाजपा पदाधिकारी मोर्चा मंडल प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्तागण सम्मिलित रहेंगे।



## 28 जनवरी से रेलवे फाटक क्रमांक 107 से सड़क यातायात बंद रहेगा

सीहोर (निप्र)। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के सीहोर के पास रेलवे फाटक क्रमांक 107 पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू होने के कारण 28 जनवरी, 2025 से प्रात 11.00 बजे से यातायात स्थाई रूप से बंद किया जाएगा। इस दौरान फाटक क्रमांक 107 पर भोपाल से आने वाले ट्रैफिक को फंदा टोल टैक्स के पास से मुख्य मार्ग होकर जाने वाले भारी वाहन एवं अन्य वाहन लसूड़िया परिहार अंडर ब्रिज से होकर ग्राम पचामा , अब्दुल्लापुर और थुनाकला जा सकेंगे तथा सीहोर शहर की तरफ से आने वाले वाहन मुख्य मार्ग भोपाल इंदौर हाईवे से आवागमन कर सकेंगे।

# शिव महापुराण में आज मनाया जाएगा भगवान गणेश का विवाहोत्सव

## विवेक सत्संग से और सत्संग परमात्मा की कृपा से मिलती है-पंडित राघव मिश्रा

सीहोर (निप्र)। सफलता के लिए गणेशजी होना जरुरी है। क्योंकि गणेश का अर्थ विवेक होता है, इसलिए दीपावली पर लक्ष्मी-गणेशजी की पूजा होती है। विवेक सत्संग से और सत्संग परमात्मा की कृपा से मिलती है। जीवन में दान का काफी महत्व है। अन्नदान आदि के बारे में कथा के चौथे दिन शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वाधान में जारी संगीतमय पांच दिवसीय शिव महापुराण में कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने कहे।

उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में बड़ा महत्व है, क्योंकि आध्यात्मिक दृष्टि से भगवान शिव को विश्वास व माता पार्वति को श्रद्धा स्वरुप माना जाता है। जीवन में अगर श्रद्धा और मिल जाए तो कीर्ति यानि जीवन में पुरुषार्थ का आगमन सुलभ हो जाता है। भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी दुखी नहीं रहता। भगवान भोलेनाथ हर भक्त की सुनते हैं। भोले की भक्ति में शक्ति होती है। भगवान भोलेनाथ कभी भी किसी भी मनुष्य भाग्य का पासा पलट सकते हैं। बस भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए और उनकी प्रतिदिन आराधना करनी चाहिए। उन्होंने यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं को आह्वान किया है कि भक्ति के लिए कठिन तप करने की आवश्यकता नहीं है, भगवान भोलेनाथ तो आपकी भक्ति के भाव से खुश हो जाते है। कथा कहती है कि महादेव को जैसे रिझाओंगे वैसे ही शंकर रिझ जाते हैं। शिवजी की पूजन में कोई गलती व कमी नहीं होनी चाहिए, ये लोग कहते हैं, लेकिन अगर आप शिव को दिल से कहो और पुकारो तो महादेव उसे दिल से सुनेंगे। भोलेनाथ कभी भक्त की कोई गलती व कमी नहीं देखते हैं।



अग्रवाल महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वाधान में जारी संगीतमय पांच दिवसीय शिव महापुराण में रविवार को भगवान श्रीगणेश का विवाहोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीमती ज्योति अग्रवाल और महासभा की अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को अपनी कथा के माध्यम से सामाजिक समरसता विषय पर कहा कि हिन्दू होने के नाते हम सभी सहोदर भाई हैं। इस अवसर पर पंडित श्री मिश्रा को भगवान वाल्मीकि व संत रविदास जी के चित्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। कथा के दौरान ब्राह्मण समाज की ओर से दीपक शर्मा, आरएसएस की ओर से भारत सोनी, जिला संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, राजेश परिहार आदि शामिल हुए।

## स्वसहायता समूह की 50 महिलाओं का दल दिल्ली हुआ रवाना



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सीहोर की स्वसहायता समूह की 50 महिलाओं के दल को सीहोर से दिल्ली के लिए रवाना किया। यह सभी स्व सहायता समूह की महिलाएं दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगी।

## आज तिरंगा यात्रा और देश भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति

सीहोर (निप्र)। शहर के बड़ा बाजार में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित तिरंगा यात्रा एवं देश भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति का भव्य कार्यक्रम किया जाएगा।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़ा बाजार में रविवार की शाम को पांच बजे गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और उसके साथ ही प्रसिद्ध नरसिंहगढ़ के बैंड के द्वारा देश भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।

# शहर के बीएसआई मैदान पर जारी एसपीएल-सीजन-6

## कृष्णा ब्लास्टर ने काका लायंस को 11 रन से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर हर शनिवार और रविवार को खेली जाने वाली एसपीएल-सीजन-6 लीग प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच कृष्णा ब्लास्टर और काका लायंस के मध्य खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में कृष्णा ब्लास्टर ने काका लायंस को 11 रन के अंतराल से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबला कांटे का रहा। जिसमें क्रिसेंट वारियर्स ने साइबेरिया पैंथर को छह विकेट से हराया। मुकाबला मैच के अंतिम ओवर तक रोमांचक रहा।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए कृष्णा ब्लास्टर ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 123 रन बनाए थे। इसमें संजय पेशवानी ने 29 रन, नदीम खान ने 27 रन, दीपक यादव ने 12 रन और अबूवाकर ने 24 रन की शानदार पारी खेली। इधर काका लायंस की ओर से गेंदबाजी करते हुए सेमसन ने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट, चेतन मेवाड़ा, कनक, हेमंत केसरिया और स्पनिल भारिया ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काका लायंस की पूरी टीम 19.3 ओवर में 112 रन ही बना सकी। इसमें सेमसन ने 35 रन, हेमंत केसरिया ने 10 रन, नीरज मेहरा ने 18 रन, चेतन मेवाड़ा ने 15 रन बनाए थे। इसके अलावा कृष्णा ब्लास्टर की ओर से अतुल कुशवाहा ने तीन विकेट, वीरू वर्मा ने दो विकेट और अवूवाकर ने एक विकेट हासिल किया।

### रोमांचक मैच में वारियर्स ने पैंथर को हराया

एक अन्य मुकाबला साइबेरिया पैंथर और क्रिसेंट वारियर्स के मध्य खेला गया। इसमें क्रिसेंट वारियर्स ने अंतिम ओवर में छह विकेट से जीत हासिल की। इस मुकाबले में साइबेरिया पैंथर ने निर्धारित 20 ओवर में 150 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम ने 19.5 ओवर में चार विकेट खोकर यह मैच जीत लिया।

# वीआईटी विश्वविद्यालय रासेयो वार्षिक शिविर 2025 द्वितीय दिवस हुई कई गतिविधियाँ



सीहोर (निप्र)। रासेयो वार्षिक शिविर 2025 के द्वितीय दिन की शुरुआत प्रातः पाँच बजे प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, आध्यात्म और शिक्षा जैसे विषयों पर जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेरणादायक नारों और गीतो के माध्यम से संदेश दिया। इसके उपरान्त शिविर का औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें आष्टा तहसील के थानाधिकारी गिरीश दुबे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजकीय उच्च विद्यालय जाफराबाद के प्रधानाचार्य विजय सिंह जयसवाल और ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल वर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए ग्रामीण विकास में उनके योगदान की सराहना की और ग्रामवासियों को रासेयो के उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया। शिविर के द्वितीय दिवस की एक अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि सडक़ सुरक्षा पर केंद्रित रही।मध्य प्रदेश राज्य में मनाए जा रहे सडक़ सुरक्षा माह के अंतर्गत सडक़ विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारीयो ने शिविर का दौरा करते हुये स्वयंसेवकों को सडक़ सुरक्षा के नियमों और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी। इस सत्र ने स्वयंसेवकों को सडक़ सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## राम कथा के छठे दिन राम जानकी विवाह और वनवास की कथा का सुनाया वर्णन

सीहोर (निप्र)। मंडी स्थित श्री राम मंदिर के पास चल रही सात दिवसीय राम कथा के दौरान कथा वाचक बाबू दास वैष्णव ने कहा कि राम कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य के जन्म जन्मातरण के पापों का नाश हो जाते हैं। कहा कि कथा सुनकर व्यक्ति धर्म की राह पर चल पड़ता है। समस्त जीवों को भवसागर पार उतरने के लिए कथा का श्रवण ही श्रेष्ठ व उच्च मार्ग है।

**राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर**

कथा वाचक बाबू दास वैष्णव ने श्री राम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा- महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com


इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
अनंत संभावनाएँ
24-25 फरवरी 2025, भोपाल
76वें
गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
संवैधानिक मूल्यों के साथ
मध्यप्रदेश का चौतरफा विकास
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN) समाज के इन चार स्तंभों के सशक्तिकरण की मजबूत बुनियाद पर मध्यप्रदेश छुएगा विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयां
गरीब कल्याण मिशन के माध्यम से प्रदेश के गरीब और वंचितों को मिलेंगे आगे बढ़ने के हर संभव अवसर। वर्ष 2028 तक प्रदेश बनेगा गरीबी मुक्त।
स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, रोज़गार और नेतृत्व क्षमता विकास से सुनिश्चित करेगा युवाओं का सशक्तिकरण।
देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करेगा।
किसान कल्याण मिशन के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय वृद्धि के साथ ही कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए समर्पित है।
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11167/24